दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

अजब गजब काइट फेस्टिवल......


त्योहार की खुशी.....

वर्ष : 10 | अंक : 34 | लखनऊ, 13 जनवरी, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 17.c
न्यूनतम तापमान 8.c

**बाजार**
सोना 5510/ g
चांदी 73.50/ g
सेंसेक्स 71,657.71
निफ्टी 21,618.70

**संक्षिप्त समाचार**

## पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में कोहरे के कारण दृश्यता कम, रेल यातायात प्रभावित

नई दिल्ली : उत्तरी मैदानी इलाकों में शुक्रवार को कोहरे की परत छाई रही और यह पूर्वोत्तर तक फैल गई, जिससे दृश्यता कम हो गई और रेल यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने जानकारी दी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 23 रेलगाड़ियां प्रभावित हुईं। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार पर कोहरे की एक परत दिखाई दी, जो पूर्वोत्तर भारत तक फैली हुई है। ओडिशा में भी कई स्थानों पर कोहरा दिखाई दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में दृश्यता का स्तर शून्य हो गया। आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि सफदरजंग हवाई अड्डे पर दृश्यता कम होने से 200 मीटर की दूरी तक ही दिखाई दे रहा था। पंजाब के अमृतसर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ और वाराणसी में दृश्यता का स्तर 25 मीटर रहा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश के बरेली, बिहार के पूर्णिया और असम के तेजपुर में 50 मीटर और हरियाणा के अंबाला और राजस्थान के गंगानगर में यह 200 मीटर रहा। आईएमडी के अनुसार, दृश्यता जब शून्य से 50 मीटर के बीच हो तो बहुत घना कोहरा, 51 से 200 मीटर के बीच घना कोहरा, 201 से 500 मीटर के बीच मध्यम और 501 से 1,000 मीटर के बीच हल्का कोहरा होता है।

आईएमडी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अगले पांच दिनों में उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सुबह बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उत्तरी मैदानी इलाकों में बुधवार और बृहस्पतिवार को धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ठंडी हवाओं से तापमान घट गया। उत्तर भारत के कई हिस्सों में 30-31 दिसंबर से शीत दिवस से अत्यधिक शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है।

# देश बदलेगा भी और बढ़ेगा भी : पीएम मोदी

## अटल सेतु के उद्घाटन के बाद बोले पीएम मोदी- विकास के लिए हम समुद्र से भी लड़ सकते हैं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। महाराष्ट्र में अटल सेतु के अलावा पीएम ने कई योजनाओं का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ ही विकसित भारत के संकल्प के लिए ऐतिहासिक है। आज दुनिया के सबसे बड़े पुल में से एक अटल सेतु देश को मिला है। आज का ये कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि का प्रणाम है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर 2016 का दिन मैं नहीं भूल सकता। जब मैं अटल सेतु के शिलान्यास के लिए यहां आया था। तब मैंने छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए कहा था कि लिखकर रखिए... देश बदलेगा भी और देश बढ़ेगा भी।

पीएम ने कहा कि ये मोदी की गारंटी थी और आज मैं फिर छत्रपित शिवाजी को नमन करते हुए, सिद्धि विनायक जी को प्रणाम करते हुए यह अटल सेतु मुंबई और देश के लोगों को समर्पित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए शिलान्यास, भूमिपूजन, उद्घाटन, लोकार्पण सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं होता और ना ही मीडिया में आने के लिए और जनता को रिझाने के लिए होता है। हमारे लिए हर प्रोजेक्ट भारत के नवनिर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अटल सेतु, विकसित भारत की तस्वीर है। विकसित भारत कैसा होने वाला है, उसकी एक झलक है। विकसित भारत में सबके लिए सुविधा होगी, सबकी समृद्धि होगी, गति होगी, प्रगति होगी, दूरियां सिमटेंगी और देश का कोना-कोना जुड़ेगा।

मोदी ने कहा कि जीवन हो या आजीविका, सब कुछ निरंतर, बिना रुकावट के चलेगा। यही तो अटल सेतु का संदेश है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे लिए उदाहरण है कि विकास के लिए हम समुद्र से भी लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा हो, जन धन खाते हों, पीएम आवास के पक्के घर हों, घरों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हो, गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते में 6 हजार रुपये भेजना हो, नौकरी करने वाली महिलाओं को वेतन के साथ 26 हफ्ते की छुट्टी देना हो, सुकन्या समृद्धि खातों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ब्याज देना हो, हमारी सरकार ने महिलाओं का खास ध्यान रखा है।

मोदी ने मुंबई में ईस्टर्न फ्रीवे ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की आधारशिला रखी। उन्होंने मुंबई में सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन में रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। मोदी ने महाराष्ट्र में महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नमो महिला सशक्तिकरण अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ठाणे-वाशी/पनवेल ट्रांस-हार्बर लाइन पर नए उपनगरीय रेलवे स्टेशन दीघा गांव का उद्घाटन किया। मोदी ने मुंबई में खार रोड और गोरेगांव रेलवे स्टेशनों के बीच नयी छठी लाइन का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि अटल सेतु ट्रांस हार्बर लिंक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की शक्ति को प्रदर्शित करता है, यह बताता है कि देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले, हजारों, लाखों करोड़ रुपए के टौंरूें२ की चर्चा होती थी। आज हजारों करोड़ रुपए केीं स्त्र१ङ्कनीइ२ के पूरा होने की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ, गरीब का जीवन बेहतर बनाने के लिए महा-अभियान हैं, तो दूसरी तरफ, देश के कोने-कोने में चल रही महा-परियोजनाएं हैं। हम अटल पेंशन योजना भी चला रहे हैं और अटल सेतु भी बना रहे हैं। हम आयुष्मान भारत योजना भी चला रहे हैं और वंदेभारत-अमृतभारत ट्रेनें भी बना रहे हैं। हम पीएम किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं और पीएम गतिशक्ति भी बना रहे हैं।

## दोषियों को फांसी या पूरी जिंदगी जेल में रखे जाने से ही न्याय मिलेगा : बिलकीस मामले के चश्मदीद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : बिलकीस बानो मामले के एकमात्र चश्मदीद ने कहा है कि बर्बर अपराध के लिए जिन लोगों को दोषी करार दिया गया उन्हें फांसी की सजा दी जानी चाहिए या शेष जीवन के लिए जेल में रखा जाना चाहिए, तभी न्याय मिलेगा। चश्मदीद उस वक्त सात वर्ष का था जब एक भीड़ ने उनकी रिश्ते की बहन बिलकीस और अल्पसंख्यक समुदाय के अन्य सदस्यों पर दाहोद जिले के लिमखेड़ा तालुका में हमला किया था। 2002 में गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद भड़के इन दंगों के दौरान भीड़ ने उनमें से 14 की हत्या कर दी थी। यह व्यक्ति अब 28 वर्ष का है और अहमदाबाद में अपनी पत्नी और पांच वर्षीय बेटे के साथ रहता है। उन्होंने कहा, मैंने अपनी आंखों के सामने अपने प्रियजनों को मरते हुए देखने का आघात सहा। मैं अब भी रात में जागता हूं और रोता हूं क्योंकि इतने सालों के बाद भी वो पल मुझे परेशान करते हैं।

चश्मदीद ने कहा, जब उन्हें (दोषियों को) रिहा किया गया तो मुझे बहुत दुख हुआ। अब मुझे कुछ हद तक राहत मिली है क्योंकि उन्हें एक बार फिर जेल भेजा जाएगा। मेरी मां और मेरी बड़ी बहन उन 14 लोगों में शामिल थीं जो उस दिन मेरी आंखों के सामने मारी गई थीं। उन्होंने कहा, सभी दोषियों को या तो फांसी दी जानी चाहिए या उन्हें शेष जीवन के लिए जेल में रखा जाना चाहिए। तभी न्याय मिलेगा। इन लोगों को फिर कभी मुक्त नहीं किया जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने आठ जनवरी को गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था।

## केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक को मिली सुप्रीम राहत

### 2018 मामले में गिरफ्तारी से दी राहत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक को पश्चिम बंगाल में 2018 में हत्या के प्रयास के एक मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की और कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच से उनकी जमानत याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा मामले की सुनवाई होने तक (याचिकाकर्ता के खिलाफ) कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। अदालत प्रमाणिक द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर विचार कर रही थी, जिन्होंने 4 जनवरी के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें गिरफ्तारी से सुरक्षा देने से इनकार कर दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने गुरुवार को याचिका पर नोटिस जारी किया था और पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा था। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन राज्य की ओर से पेश हुए और अदालत को सूचित किया कि उनके पास यह कहने के निर्देश हैं कि 22 जनवरी को मामले की सुनवाई होने तक पुलिस द्वारा कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। हालांकि, प्रमाणिक के वकीलों ने आदेश में अंडरटेकिंग दर्ज करने की मांग की।

# राम भक्तों के सत्कार को तैयार योगी सरकार

### रैन बसेरे और अलाव के लिए 10 करोड़ किये जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अयोध्या : योगी राज में लौटे अयोध्या धाम के पौराणिक वैभव को अपनी आंखों से देखने और उसे अपने मन मस्तिष्क में उतारने के लिए देश ही नहीं विदेश के श्रद्धालु आतुर हैं। वह अपने पूर्वजों से जिस राम राज्य की गाथाओं को सुनते थे, उसके योगी सरकार में वास्तविक स्वरूप को देखने के लिए 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में योगी सरकार भी उनके स्वागत के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। श्रद्धालुओं के रहने के लिए होटल से लेकर उनके आवागमन के लिए सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक समीक्षा बैठक में जिला प्रशासन को अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि अयोध्या आने वाले सभी तरह के श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। गरीब तबके के श्रद्धालुओं को ठंड और शीतलहर के दृष्टिगत प्रशासन की ओर से रहने की व्यवस्था रैन बसेरों में कराई जाए। इसके लिए रैन बसेरों की संख्या बढ़ाई जाए। साथ ही अयोध्या धाम में जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था हो और जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया जाए। इसके लिए सरकार की ओर से अयोध्या को 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है।

### पहले से व्यवस्थाओं का करें रियल्टी चेक

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में अयोध्या धाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं की हर जरूरत का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में उनके दर्शन के लिए रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु देश ही नहीं विदेश से भी आएंगे। ऐसे में उनके किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही पहले से सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ उसका रियल्टी चेक कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। ऐसे में अयोध्या धाम में रैन बसेरों की संख्या को बढ़ाया जाए। इसके अलावा धाम में जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए और जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कंबल वितरित किये जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राहत कार्यालय की ओर से अयोध्या धाम में अलाव जलाने, कंबल वितरण और रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने समेत अन्य मद में 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि जारी कर दी।

### घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए खरीदे जाएंगे अतिरिक्त लाइफ जैकेट

राहत आयुक्त ने बताया कि अयोध्या धाम को 10 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि आवंटित करने के साथ जिलाधिकारी को रैन बसेरों और अलाव जलाने के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए महाकालेश्वर मंदिर से जाएंगे पांच लाख लड्डू, चढ़ाया जाएगा प्रसाद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए देश घर में अलग-अलग स्तर पर तैयारी की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आयोजन भले ही अयोध्या में होना हो लेकिन देशभर में इसके जश्न की तैयारी जोर-शोर से जारी है। इसी बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 12 जनवरी को कहा है कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से 5 लाख लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे।

मुख्यमंत्री मोहन यादव की जानकारी थी कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर से अयोध्या 5 लाख लड्डू भेजे जा रहे है। इन लड्डू को प्रसाद के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। अयोध्या में मंदिर को मुगल बादशाह बाबर ने तोड़ा था और अब इसका पुनर्निर्माण हो रहा है। वर्षों के बाद और लंबे संघर्ष के बाद इस मंदिर का निर्माण हो रहा है जिसका जश्न मनाने में मध्य प्रदेश भी पीछे नहीं रहेगा।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर का भव्य निर्माण किाय जा रहा है, जिसे देखने का सौभाग्य हमें भी मिल रहा है। सभी राज्यों के लोगों को उद्घाटन होने के बाद दर्शन करने के लिए विभिन्न तारिखें दी है, जिसके आधार पर ही मंदिर में दर्शन करने के लिए जाया जाएगा। इस मंदिर के संबंध में उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली विशिष्ट तिथियों पर विभिन्न राज्यों से लोगों को राम मंदिर में दर्शन के लिए अयोध्या भेजा जाएगा।

### पीएम मोदी ने 11 दिवसीय अनुष्ठान किया शुरू

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ किया। इस अनुष्ठान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले की है। गौरतलब है कि शास्त्रों में ह्यप्राण प्रतिष्ठाह्न के लिए लोगों के वास्ते सख्त और कठिन दिशा निर्देश हैं। इनी दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले वह आध्यात्मिक यात्रा के कुछ विद्वानों के मार्गदर्शन में विशेष अनुष्ठान शुरू कर रहे हैं। बता दें कि इस अनुष्ठान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक में धाम-पंचवटी से की है। गौरतलब है कि नासिक की इस धाम पंचवटी के बारे में माना जाता है कि भगवान राम ने वहां लंबा समय व्यतीत किया था।

## मणिपुर में थौबल के निजी मैदान से शुरू होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा: कांग्रेस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत मणिपुर की राजधानी इंफाल की बजाय 14 जनवरी को राज्य के थौबल जिले के एक निजी मैदान से होगी। कांग्रेस के मणिपुर अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि इंफाल के हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन राज्य सरकार ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी। इस कारण अंतिम क्षण में कार्यक्रम स्थल में बदलाव करना पड़ा जो पूर्वनियोजित स्थल से 34 किलोमीटर दूर है। उन्होंने कहा, हमने दो जनवरी को राज्य सरकार को प्रस्ताव दिया था कि इंफाल में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से हरी झंडी दिखाए जाने की अनुमति दी जाए। हमने यह भी घोषणा की थी कि यात्रा इंफाल से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी। राज्य के कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमने 10 जनवरी को इस संबंध में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मुलाकात की थी लेकिन हमें बताया गया कि अनुमति नहीं दी जाएगी। बाद में उस रात एक आदेश जारी किया गया जिसमें हट्टा कांगजेइबुंग मैदान के लिए अनुमति तो दे दी गई लेकिन इसमें शामिल होने वाले लोगों की संख्या सीमित कर दी गई।

## कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा, वहां निवेश का मतलब भारत की एकता में निवेश : सिन्हा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को यहां कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है और निवेशकों को वहां निवेश करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने का मतलब भारत की एकता और अखंडता में निवेश होगा। सिन्हा यहां 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में आयोजित एक सेमिनार में संभावित निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से जम्मू-कश्मीर पर अपना ध्यान केंद्रित करने और वहां उद्यम स्थापित करके उसे देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में योगदान देने का आग्रह किया। सिन्हा ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि भारत के पड़ोसी के नापाक इरादे सफल नहीं होंगे और जम्मू-कश्मीर की स्थिति, जिसका विशेष दर्जा केंद्र ने 2019 में समाप्त कर दिया था, जल्द ही देश के शेष हिस्सों के समान हो जाएगी।

उन्होंने कहा, (जम्मू-कश्मीर में निवेश आकर्षित करने के लिए) अनुकूल माहौल तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में निवेश का मतलब भारत में निवेश करना, भारत की एकता और अखंडता में निवेश करना तथा इसके एकीकरण को मजबूत बनाना है। उन्होंने निवेशकों से वादा किया कि वे केंद्रशासित प्रदेश में निवेश करने से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा, आपको जम्मू-कश्मीर में (निवेश करके) अधिकतम लाभ मिलेगा और आप जम्मू-कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में भी योगदान देंगे। आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। हमारा पड़ोसी हर बार अपनी ओर से पूरी कोशिश करता है, लेकिन हम केंद्रशासित प्रदेश से आतंकवादियों को खत्म करने की दिशा में काम कर रहे हैं...।

सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात को भविष्य का प्रवेश द्वार कहा है, लेकिन राज्य को देश की शारदा पीठ जम्मू-कश्मीर के विकास में भी योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग जम्मू-कश्मीर की कानून-व्यवस्था को लेकर संदेह से भरे हुए थे, लेकिन राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र शासित प्रदेश में अपराध दर गुजरात से भी कम है। सिन्हा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार स्थायी रूप से शांति स्थापित करने में विश्वास करती है और मुझे भरोसा है कि आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर की स्थिति भी देश के बाकी हिस्सों जैसी ही होगी।

## अखिलेश को नहीं मिला है राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता

### सपा प्रमुख बोले– समाज को बांट रही है भाजपा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लला के प्रतिष्ठा समारोह के लिए कोई निमंत्रण नहीं मिला है। स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर पार्टी के लखनऊ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें पता चला है कि कूरियर के माध्यम से कुछ निमंत्रण भेजा गया था, जो अभी तक नहीं मिला है। उन्होंने आगे दावा किया कि जिन लोगों ने कहा है कि उन्होंने निमंत्रण भेजा है, उन्हें रसीद कूरियर कर देनी चाहिए ताकि इसे ट्रैक किया जा सके।

अखिलेश ने अपने बयान में कहा कि भगवान राम के नाम पर हमारा अपमान न करें। किसी ने कहा मुझे निमंत्रण मिला है। फिर सच्चाई सामने आई कि ये कोई निमंत्रण नहीं था। यह किसी कूरियर सेवा के माध्यम से भेजा गया कोई आमंत्रण था, जो अभी तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि फिर यहां पहुंचने से पहले मैंने चेक किया कि कोई कूरियर पहुंचा है या नहीं और पार्टी ऑफिस में लोगों से भी पूछा कि क्या कोई कूरियर है। जो लोग दावा करते हैं कि कूरियर भेजा गया था तो कृपया हमें कूरियर सेवा रसीद प्राप्त करें ताकि हम इसे ट्रैक कर सकें।

सपा प्रमुख ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवा पार्टी समाज को बांट रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आज जो रास्ता चुना है वह समाज को बांटने का है। भाजपा का रास्ता न तो सहिष्णुता का है और न ही सार्वभौमिक स्वीकृति का। आज जब हम स्वामी विवेकानन्द को याद कर रहे हैं तो हमें स्वामी विवेकानन्द के दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

## बंगाल का नाम बदलने की ममता बनर्जी ने की मांग

### बोलीं- वेस्ट लिखने की क्या जरूरत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**कोलकाता,** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने राज्य का नाम बदलकर 'बांग्ला' करना चाहती हैं। उनका तर्क है कि चूंकि पश्चिम बंगाल वर्णमाला सूची में सबसे नीचे आता है, इसलिए इसके प्रतिनिधियों को केंद्रीय बैठकों के दौरान अंत तक इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अपने नए आह्वान में बनर्जी ने बताया कि अतीत में भी बॉम्बे और उड़ीसा के नाम बदले गए थे और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से उनके प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया।

ममता ने कहा कि हमने पहले अपने राज्य का नाम बदलने के लिए विधानसभा में एक विधेयक पारित किया है। हमने उन्हें हर तरह का स्पष्टीकरण दिया है। लेकिन लंबे समय तक उन्होंने हमारे राज्य का नाम बदलकर बांग्ला नहीं किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बॉम्बे का नाम बदलकर मुंबई, उड़ीसा का ओडिशा कर दिया गया...लेकिन हमारा क्यों नहीं बदला जा सकता? हमारी गलती क्या है। नाम बदलने से राज्य को होने वाले फायदों पर प्रकाश डालते हुए ममता ने कहा कि इससे राज्य के बच्चों को प्रतियोगिताओं में जाने पर मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नाम में 'वेस्ट' जोड़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे राज्य का नाम बदलकर बांग्ला कर दिया जाए तो हमारे बच्चे जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और पढ़ाई के लिए जाते हैं उन्हें प्राथमिकता मिलेगी। हर बैठक में हमें अंत तक इंतजार करने के लिए मजबूर किया जाता है। है। बांग्ला का महत्व कम कर दिया गया है। पंजाब का उदाहरण देते हुए, जो भारत में एक राज्य और पाकिस्तान में एक प्रांत है, उन्होंने कहा, ह्लहमें नहीं लगता कि जब राज्य का नाम बांग्ला है तो इसे विभाजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान में पंजाब नाम का एक प्रांत है। भारत में भी पंजाब नाम का एक राज्य है। यदि बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश रह सकता है, तो पश्चिम बंगाल को बांग्ला में क्यों नहीं बदला जा सकता है।

# एचआईवी/एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने को आगे आएं युवा : रवीन्द्र कुमार

**उप्र स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित**

**छात्र- छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जानीं एचआईवी/एड्स से बचाव की बारीकियाँ**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय युवा दिवस पर उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के तत्वावधान में नेशनल पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। दो दिवसीय (11-12 जनवरी) आयोजन के आखिरी दिन शुक्रवार को सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स के मामले में हमें बचाव पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। एचआईवी को लेकर लोगों में भ्रान्ति है कि यह सिर्फ शारीरिक सम्बन्ध बनाने से ही होता है बल्कि इसके अन्य कारण भी हैं। यह संक्रमित इंजेक्शन से व बिना जांच किये हुए खून ग्रहण करने से भी होता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति अपनी ऊर्जा का भरपूर उपयोग करते हुए कार्यक्रम से जुड़े और घर-घर, गली-गली व पूरे समाज में इस बीमारी को लेकर जो भ्रांतियाँ है उसे दूर करने में सहयोग करे।

कार्यक्रम में युवाओं की भूमिका को देखते हुए एचआईवी/ एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अन्तर्महा विद्यालयी/ अंतर्विश्वविद्यालयी प्रतियोगिताएँ व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत नेशनल पीजी कालेज के नवनिर्मित सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के संयुक्त निदेशक रमेश चंद्र के संबोधन से हुई। उन्होंने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों ने कम समय में बेहतरीन ढंग से पेंटिंग, वाद-विवाद, नुक्कड़ जैसी प्रतियोगिता

में प्रतिभाग किया।

उन्होंने एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसकी जांच निशुल्क है, बस जरूरत है कि हमारे युवा इस बात पर जागरूक हों कि एचआईवी के इन्फेक्शन को और न बढ़ने दें, तभी हम सही मायने में इस बीमारी से बचाव कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सभी जिलों में 373 रेड रिबन क्लब संचालित हैं जिनमें हम जनपद से लेकर राज्य स्तर पर तरह-तरह की प्रतियोगिताएँ करा रहे हैं जिससे एचआईवी/एड्स को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरूकता समुदाय में आ सके। उन्होंने एचआईवी/एड्स के नेशनल टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी दी और बताया कि सभी इस नंबर को डायल कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं। इस मौके पर नेशनल पीजी कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह ने बताया कि देश के विकास में युवा पीढ़ी का बहुत बड़ा योगदान होता है। आज स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर युवाओं को सही मार्गदर्शन की जरूरत है ताकि हम आगे चलकर विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकें। कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स को लेकर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी की और बेहद सहज तरीके एचआईवी/एड्स से बचाव के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को एक मैजिक शो भी दिखाया गया जिसमें मनोरंजन के साथ एचआईवी/एड्स से बचाव की बारीकियां भी बताई गई। प्रतियोगिताओं में नेशनल पीजी कॉलेज, जय नारायण कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, नवयुग आदि कॉलेजों ने प्रतिभाग किया। क्विज, वाद-विवाद और नुक्कड़ नाटक में पहले स्थान पर नेशनल पीजी कालेज के विद्यार्थी रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में शिया पीजी कालेज दूसरे स्थान पर रहा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में नवयुग कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। सभी विजेताओं को पुरस्कार राशि के साथ सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# एयरपोर्ट पहुंचे एयर इंडिया उड़ान के यात्री का लगेज एयरलाइन्स कर्मचारियों की लापरवाही से बदल गया

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। करीब एक माह पहले दुबई से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे एयर इंडिया उड़ान के एक यात्री का लगेज एयरलाइन्स कर्मचारियों की लापरवाही से बदल गया। जिससे परेशान यात्री पिछले 1 माह से लगातार लखनऊ एयरपोर्ट के चक्कर लगा रहा है। लेकिन एयरलाइंस द्वारा अभी तक उसका लगेज नहीं दिया गया। इसको लेकर पीड़ित यात्री ने सरोजनीनगर पुलिस से लिखित शिकायत की है। कुशीनगर जिले के दहारी पट्टी गांव निवासी अमजद अंसारी के मुताबिक वह बीते 11 दिसंबर को एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 194) के जरिए दुबई से लखनऊ एयरपोर्ट आया था। अमजद का कहना है एयरपोर्ट पहुंचने के बाद काफी देर तक एयरलाइंस कर्मचारियों ने उसका लगेज नहीं दिया। काफी देर बाद उसे बताया गया कि उसका लगेज बदल गया है। इस दौरान कुछ दिनों बाद उसका लगेज देने की बात कही गई। लेकिन अमजद का कहना है कि उसके बाद से वह कई बार लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचकर एयरलाइंस अधिकारियों / कर्मचारियों से लगेज मांग चुका है। लेकिन एयरलाइन्स अधिकारी/ कर्मचारी उसे लगेज देने के बजाय ना कोई सही जवाब तक नहीं दे रहे। बल्कि बार-बार किसी न किसी बहाने टालते रहते हैं। अमजद का कहना है कि उसके लगेज में मोबाइल और लैपटॉप सहित करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का सामान था। परेशान अमजद अंसारी ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने की एयरपोर्ट चौकी पर की है।

## देश दुनिया के प्रख्यात साहित्यकार गीतकार कवि डॉ विष्णु सक्सेना ने कुष्ठ आश्रम में केक काट मनाया जन्मदिन

लखनऊ।देश दुनिया के प्रख्यात साहित्यकार, गीतकार ,कवि डॉ विष्णु सक्सेना ने कुष्ठ आश्रम में केक काट अपना जन्मदिन मनाया साथ ही कुष्ठ रोगियों को केक खिलाया।अपने बीच देश दुनिया के महान गीतकार को पाकर कुष्ठ रोगियों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर डॉ विष्णु सक्सेना ने बताया कि आज अपने जन्मदिवस पर सपत्नीक दोपहर को कछला घाट पर बने कुष्ठ रोग से ग्रस्त रोगियों के कुष्ठाश्रम में गया। उनके बीच में लगभग 2 घंटे बिताए। उनकी यथोचित सेवा करके उनके बीच में ही केक काट कर उन सबको केक खिला कर जन्मदिन मना कर लौट आया। उस वक्त बहुत आनंद आया सभी लोगों हैप्पी बर्थ डे के साथ साथ सभी देवताओं के नाम के जयकारे लगाए। जितनी चमक उनके चेहरे पर थी उतनी ही संतुष्टि के भाव मेरे अंदर उमड़ रहे थे। पता नहीं क्यों एक बार को मेरी आंखे छलछला आईं। पूरे समय उनकी पत्नी बंदना सक्सेना प्राचार्य भी उपस्थिति रही।

# लापरवाही की भेंट चढ़ रहे गौवंश, भूख-प्यास और ठंड से तड़पकर मौत

**कड़ाके की ठंड के चलते राममरोसे पशु आश्रय केंद्र**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पशु आश्रय केन्द्रों का बुरा हाल है। गौशालाओं मे मौजूद गौवंश ठण्ड मे ठिठुरने के साथ मर रहे हैं। इन्हें न तो माल विकास खण्ड से सर्दी से बचाव के लिये बोरों की व्यवस्था की गयी है, और न ही समुचित चारा मिल पा रहा है।

देख रेख के अभाव मे गौवंश मर रहे हैं। मर रहे जानवरों का समय पर निस्तारण तक नहीं कराया जा रहा है। गौशालाओं मे ही उन्हें कुत्तों को नोंचने के लिये छोड़ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने खुले मे घूम रहे गौवंशों को संरक्षित करने के लिये अपना ड्रीम प्रोजेक्ट गांवों में लाखों रूपयों की लागत से गौशालाओं का निर्माण कराया था। ब्लाक के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पशु चिकित्सकों की लापरवाही के चलते यहां न तो उन्हें पड़ रही कड़ाके की ठण्ड से बचाव के लिये बोरों से बना

स्वेटर उपलब्ध कराया गया है, और न अलाव की कोई व्यवस्था है। जबकि प्रदेश सरकार ने पूर्व मे ही आदेश जारी कर गौशालाओं मे मौजूद गौवंशों को ठण्ड से बचाने के लिये बोरों की व्यवस्था करने के साथ टीनशेड को चारों तरफ से ढ़कने के निर्देश जारी किये थे। लेकिन ब्लाक के अधिकारियों की उदासीनता के चलते अभी तक पशु आश्रय केन्द्रों पर गौवंशों को ठण्ड से बचाने के लिये बोरों की व्यवस्था नहीं की गयी है। बोरों की व्यवस्था न होने से बेसहारा गौवंश ठण्ड मे ठिठुरने को मजबूर हैं। पड़ रही कड़ाके की ठण्ड व ब्लाक अधिकारियों की उदासीनता एवं पशु चिकित्सकों की लापरवाही से माल विकासखंड की ग्राम पंचायत खड्सरा मे बने पशु आश्रय केन्द में 3 दिन से गोवशों को नोच रहे जंगली जानवर व कुत्ते, अव्यवस्था का आलम यह है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह के अंदर कई गोवंशों ने भयंकर जाड़े और बीमारी के चलते दम तोड़ दिया परंतु लापरवाह प्रधान और सचिव ने अमानवीय रवैया अपनाते हुए तीन गोवंशों के शवों को गेट के बाहर कुत्तों से नुचवाने के लिए फिकवा दिया। मामला जानकारी में आने पर कई स्थानीय मीडिया कर्मियों ने मौका मुआयना किया तो हकीकत सामने आ गयी।

**बीडीओ ने मामले को नही दिया महत्व**

बीडीओ माल से इस प्रकरण पर जानकारी प्राप्त करनी चाही गई तो उन्होंने अलग अंदाज में बात करते हुए कहा कि मुझे और भी काम रहते है। मैंने वीडियो कॉलिंग से देखा है कि एक गोवंश की मौत हुई है। जिसे विधिवत दफना दिया गया है। आप जो संख्या बता रहे हैं वह बिल्कुल गलत है।

**सीडीओ ने फोन पर दी बीडीओ को हिदायत**

इस प्रकरण पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन लखनऊ से बीडीओ माल से हुई वार्ता से अवगत कराते हुए उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी का मीडिया कर्मियों से इस तरह का रवैया बिल्कुल अनुचित है। प्रकरण की जांच करवाकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# दो पक्षो में जमकर मारपीट , तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते गुरूवार की देर रात शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार में बाइक लेकर निकले युवक को टोकना एक परिवार को महंगा पड़ गया?.गाली-गालौज से दोनो पक्षो में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते कुछ देर में खूनी संघर्ष में बदल गया ओर दोनो पक्षो के डेढ दर्जन लोग धारदार हथियार व लाठी-डंडो से लैस होकर आमने-सामने आ गये ओर जमकर मारपीट हुयी।जिसमें

कई लोग घायल हो गयें। मोहनलालगंज के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसके बेटे ने गुरूवार की रात तेज रफ्तार में नशे में धुत होकर दरवाजे से बाइक लेकर निकले पड़ोसी युवक को टोक दिया। जिसके बाद पड़ोसी बब्बू अपने भाई निलेश, शिलेश अपनी मां शिवकली, अक्षयलाल, पकंज निवासीगण रानीखेड़ा व शिवा, आकाश, अर्जुन समेत आधा दर्जन अज्ञात के साथ मिलकर लाठी डंडो व धारदार हथियार से लैस होकर घर में घुस आये ओर बेटे पर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से क ई वार किये इस दौरान बीच बचाव को आयी बेटी से मारपीट कर छेड़छाड़ की?।वही दूसरे पक्ष की शिवकली ने प्रथम पक्ष के चार लोगो पर बेटे की धारदार हथियार से पिटाई कर जेब में रखे 50हजार रुपए निकाल लिये ओर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दोनो पक्षो के द्वारा दी गयी तहरीर पर मारपीट,छेड़छाड़,बलवा,एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओ में क्रास एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## इंस्पेक्टर ने पुलिस फोर्स संग वाहनों की सघन चेकिंग

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।पुलिस कमिश्नर एस बी शिरडकर के निर्देश पर मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन आल आउट अभियान के तहत शुक्रवार की देर शाम इंस्पेक्टर आलोक राव ने एसएसआई बेचू सिहं यादव व कस्बा इंचार्ज विकास यादव समेत पुलिस फोर्स के साथ कस्बे के गोसाईगंज तिराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया व चार पहिया वाहनो की चेकिंग कर चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाकर व दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि ऑपरेशन आल आउट के तहत सघन चेकिंग अभियान चला कर अपराधियों की धरपकड़ के लिये दो पहिया व चार पहिया वाहनों की रूकवाकर सघन चेकिंग की गयी।चार पहिया वाहनों को रोक कर गाड़ी के अंदर एवं डिग्गी खुलवाकर चेक किया गया।इस दौरान बिना सीट बेल्ट लगाये कार चला रहे लोगो को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी।इंस्पेक्टर ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर व्यापारियों व कस्बे के लोगो को सुरक्षा का अहसास कराया।

# मौसम खराब होने के कारण लखनऊ आने - जाने वाली तीन उड़ानें रहीं रद्द

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गुरुवार रात से शुक्रवार देर सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। मौसम खराब होने के कारण इसका असर विमान सेवाओं पर भी पड़ा। स्थिति यह रही कि मौसम खराब होने के कारण राजधानी लखनऊ आने - जाने वाली तीन उड़ानें शुक्रवार को रद्द रहीं। जबकि अन्य उड़ने 1 से साढ़े चार घंटे तक विलंब रहीं। दृश्यता कम होने के कारण शुक्रवार को दिल्ली से सुबह 9 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान रद्द रही। इसी तरह रायपुर से दोपहर 2:45 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान और लखनऊ से सुबह 8:30 बजे रायपुर जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान भी रद्द कर दी गई। वहीं ज्यादातर विमान कई - कई घंटे विलंब रहे। इसमें चंडीगढ़ से सुबह 8:15 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 4:30 घंटा देरी से लखनऊ पहुंच सकी। गुवाहाटी से दोपहर 1:40 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान शाम 5:45 पर लखनऊ पहुंची। वहीं जयपुर से दोपहर 1:50 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान अपराह्न करीब 3:40 बजे लखनऊ पहुंची। इसी प्रकार दिल्ली से शाम 5:45 पर लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6:35 बजे पहुंच सकी। उधर लखनऊ से रात 2:05 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान करीब 4 घंटा देरी से शुक्रवार सुबह 6 बजे रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 4 बजे मस्कट जाने वाली सलाम एयर की उड़ान करीब 3 घंटा देरी से रवाना हुई। इसी तरह लखनऊ से सुबह 5:40 बजे दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान करीब सवा घंटा देरी से उड़ान भर सकी। लखनऊ से सुबह 7:35 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान पूर्वाहन 10:45 बजे रवाना हुई। इसी प्रकार लखनऊ से सुबह 9:05 बजे गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो की उड़ान दोपहर 1:42 बजे टेक ऑफ कर सकी। लखनऊ से सुबह 9:10 बजे बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान पूर्वाहन 11:20 बजे उड़ान भर सकी। जबकि लखनऊ से सुबह 9:30 बजे इंदौर जाने वाली इंडिगो की उड़ान 11:17 बजे रवाना हुई। वहीं लखनऊ से सुबह 10:25 बजे इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान 12:46 बजे रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 1:50 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 2:53 बजे रवाना हुई। लखनऊ से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो की उड़ान अपराह्न 2:10 बजे के बजाय शाम 6:30 बजे रवाना हुई। लखनऊ से 3:30 बजे गोवा जाने वाली इंडिगो की उड़ान शाम 5:40 बजे उड़ान भर सकी। जबकि लखनऊ से शाम 4:30 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6:55 बजे रवाना हुई। इसके अलावा लखनऊ आने - जाने वाली अन्य उड़ानें भी एक से दो घंटे विलंब रहीं। उड़ानों की लेट लतीफी के कारण यात्रियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मोहनलालगंज में भी दीप उत्सव मनाने की तैयारी

**अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन मोहनलालगंज कस्बे के बाला जी मंदिर परिसर को झालरों और फूलों से सजेगा, संगीतमय सुंदरकांड से होगी शुरूआत**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को लेकर जहां एक ओर प्रदेश ही नही पूरी दुनिया में लोग उत्साहित दिख रही है।वही इसको लेकर मोहनलालगंज कस्बे के लोग भी उस दिन अयोध्या न पहुचने पर कस्बे के बाला जी मंदिर में अभी से तैयारी में जुट गए है।और प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन यहां के मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद दिवाली मनाने के लिये लोगो को आमंत्रित कर रहे है।इसको लेकर बकायदा मंदिर समिति ने अपनी कमेटी की बैठक कर सारी तैयारियो में जुटे हुए है।कमेटी के अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन कस्बे के कालेबीर मंदिर परिसर को पूरी तरह झालरों से सजाकर बालाजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा इसके बाद आरती पूजन पूरे मंदिर परिसर में मिट्टी के दीपकों को जलाने के साथ आतिशबाजी भी जाएगी।आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा।इसके लिये समिति ने सभी सदस्यों को अवगत करा दिया गया।और मंदिर में आयोजन दीप जलाने के लिये सम्मलित होने के लिये अभी से आमंत्रित किया जाना शुरू कर दिया गया।सीमित के मनोज यादव ने बताया कि मंदिर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अभी से ही कारीगर और मिट्टी के दियो के लिये ऑर्डर कर दिया गया।इसके साथ पहले से मंदिर को फूलों से सजाने का अभी से ऑर्डर दे दिया गया है।वही प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने के लिये परिवार सहित लोगो को आमन्त्रण भेजा जा रहा है।

## पशु आरोग्य मेले में 430 जानवरों का हुआ इलाज

अमन लेखनी समाचार

पशु आरोग्य मेले का फीता काटते - विनय प्रताप सिंह

लखनऊ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुउद्देशीय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। शुक्रवार को ग्राम मीठे नागर में पशु आरोग्य मेले में पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने गो पूजन कर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विनय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां पशुपालन का विशेष महत्व है तकनीकी के इस युग में भले ही खेती मशीनरी पर आधारित हो गई है किन्तु आज भी खेती में पशुओं का कम योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान भाई पशुपालन से दुग्ध उत्पादन करके अपनी आय बढ़ाने के साथ ही खेतों में गोबर की खाद का प्रयोग करके उत्पादन लागत कम कर सकते हैं। इससे एक तो मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होगा दूसरा खेतों में रासायनिक खाद का प्रयोग कम करने से भोजन की थाली विषमुक्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार भी किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। आरोग्य मेले में चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारी और उसके उपचार के बारे में बताया साथ ही 430 पशुओं का निशुल्क चिकित्सक इलाज व दवा वितरित की गई। डॉक्टर ने पशुओं में होने वाले खुरपका, मुंहपका, सर्रा आदि रोगों से बचाव कैसे किया जाए। इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही आए हुए पशुपालकों से अपील की गोंवशो को छुट्टा ना छोड़े जिससे फसलों का नुकसान होता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान रवि यादव, डॉ. बृजेश, अनुराग सहित शैलेंद्र सिंह, ओमकार सिंह, मौजूद रहे।

## लोडर वाहन से 15 लीटर डीजल और बैटरी चुरा कर जा रहे चोर को लोगों ने रंगे हाथों धर दबोचा

**पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में गुरुवार को एक लोडर वाहन से 15 लीटर डीजल और बैटरी चुरा कर जा रहे एक चोर को लोगों ने रंगे हाथों धर दबोचा। बाद मे पकड़कर उसे पुलिस के हाथों सौंप दिया। सरोजनीनगर के सेक्टर - ई, एलडीए कॉलोनी निवासी रमेश चंद के मुताबिक गुरुवार को उसकी गाड़ी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर - 9 के पास सड़क किनारे खड़ी थी। इसी बीच जब वह उधर से गुजरा तो एक व्यक्ति उसकी गाड़ी से डीजल निकालते नजर आया। जब रमेश ने आगे बढ़कर देखने की कोशिश की तो वह देखते ही वहां से भागने लगा। लेकिन आसपास लोगों की मदद से उसे दौड़कर पकड़ लिया गया। बाद में पूछताछ करने पर आरोपी व्यक्ति ने अपना नाम मलिहाबाद के दाउदपुर निवासी सुरेंद्र कुमार यादव बताया। रमेश का कहना है कि उसके पास से गाड़ी से एक कैन में निकाला गया 15 लीटर डीजल और गाड़ी की बैटरी भी बरामद हुई। जो वह चोरी कर के ले जा रहा था। फिलहाल बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सुरेंद्र को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

# अक्षत कलश यात्रा निकालकर भक्तों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देशभर में आयोजित की जा रही अक्षत कलश यात्रा इसी क्रम में शुक्रवार को माल विकासखंड के ग्राम पंचायत तिलन से हिन्दू जागरण मंच सह संयोजक संतोष सिंह की अगुवाई में पूजित अक्षत शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ श्री राम जयकारों के साथ निकाली गयी। ग्राम चौसझा, ठटिया, गदिया खेड़ा होते हुए विभिन्न मुख्य मार्गो से निकल गई। जिसका समापन अटेर मां बराही देवी मन्दिर में अक्षत यात्रा का स्वागत किया गया। क्षेत्र के लोगों ने पवित्र अक्षत के दर्शन करके धर्म लाभ कमाने का काम किया। संतोष सिंह ने अक्षत कलश का स्वागत कर बताया कि यह पूजित अक्षत श्री राम जन्मभूमि से आए हैं। इस समय पूरे देश दुनिया में पूजित अक्षत भिजवाए गए हैं। अक्षत पूजन कलश यात्रा के दौरान भारी भीड़ देखने को मिली। अक्षत कलश स्वागत के दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यध्यक्ष भूपेंद्र हिन्दू, सतीश शास्त्री, अवधेश, मनोज, राम शंकर टेलर, राजन सिंह, अंजुल सिंह, रघुराज सिंह, पूर्व प्रधान दिनेश सिंह, समर्थ ठाकुर, मोहित सिंह, विकास मौर्य, रामसेवक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कड़ाके दार ठंड में गरीब असहाय लोगो को दिए गए कम्बल

पुरवा, उन्नाव।गरीब असहायों, बेसहारा लोगों को समर्पण महिला उत्थान समिति द्वारा नगर के मोहल्ला शीतलगंज में कंबल वितरित किए गए। नगर के मोहल्ला शीतलगंज में समर्पण महिला उत्थान समिति की प्रदेश अध्यक्ष साधना तिवारी, किन्नर प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रागनी किन्नर, ने लगभग 250 महिलाओ को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह, संतोष सिंह, भाजपा जिला मंत्री डॉ रजनीश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, रमेश, आशिक अली, रजोल अवस्थी, आदि लोग मौजूद रहे। वहीं सभी आऐ हुए अतिथिओ का माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही समर्पण महिला उत्थान समिति के तीन महिला पदाधिकारी बनाई गई जिन्हें किन्नर प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रागनी किन्नर व समर्पण महिला उत्थान समिति की प्रदेश अध्यक्ष साधना तिवारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालक धर्म सिंह घायल ने किया।

### 22 जनवरी को अयोध्या भेजे जायेगे जनपद से सुरक्षा के लिए लगभग 160 पुलिस कर्मी

उन्नाव। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। इसको लेकर उन्नाव में भी पुलिस अफसर सतर्क हो गए हैं। दिन-रात बॉर्डर सीमाओं पर गहनता से चेकिंग कर रहे हैं इसी बीच उन्नाव से करीब 160 पुलिसकर्मी अयोध्या भी भेजे गए हैं। जो 22 जनवरी को सुरक्षा व्यवस्था की सीमा संभालेंगे। उन्हें पुलिस लाइन परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक ने रवाना होने से पहले कई बातों को लेकर ब्रीफ किया है। ड्यूटी में लापरवाही न बरतने की बात कही है।अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जिले की फोर्स भी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग पहुचेंगे।इसी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाना एक चुनौती होगी। प्रदेश के कई जिलों से फोर्स अयोध्या भेजी जा रही है। इसी कड़ी में जिले में तैनात पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी अयोध्या में लगा दी गई है। एएसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि इसके लिए एक सीओ, 11 इंस्पेक्टर, 21 दरोगा, 5 महिला उपनिरीक्षक,104 आरक्षी, 18 महिला आरक्षी की ड्यूटी अयोध्या में लगाई गई है। पुलिस लाइन कैंपस से ड्यूटी पर जाने वाले पुलिस कर्मियों को एएसपी ने ब्रीफ किया। 12 जनवरी से पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। 31 जनवरी के बाद ही फोर्स जिले वापस आएगी। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उन्नाव में पुलिस सतर्क हो गई है। प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस और खुफिया विभाग की टीम लगातार सक्रिय है। पुलिस आने जाने वाले लोगों पर गहनता से नजर रख रही है। संदिग्ध की जांच पड़ताल कर रही है।

# कारागार मंत्री ने जिला जेल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने शुक्रवार को उन्नाव जिला जेल पहुंचकर निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान जेल के अंदर बंद कैदियों से संवाद स्थापित किया। उनको हनुमान चालीसा, सुंदरकांड की पुस्तक भेंट की हैं।ठंड को देखते हुए कंबल वितरण भी किया।उन्होंने कैदियों से वार्ता की।

उनकी समस्याओं को समझा गया। कुछ कैदी ऐसे भी हैं जिनके परिजन उनसे मिलने नहीं आते हैं। उनके लिए व्यवस्थाएं कराई गई हैं। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तर प्रदेश के जेल में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इस अवसर के साक्षी जेल में बंद कैदी भी बनेंगे।मंत्री ने कहा कि देखिए सर्दी का मौसम है। उत्तर प्रदेश के हर जेलों में 100-200 ऐसे कैदी होते हैं जिनसे उनके परिजन मिलने नहीं आते हैं।उन कैदियों के लिए विशेष रूप से अभियान चलाकर उनको गर्म कपड़े दे रहे हैं। उन्नाव में भी कुछ बंदी ऐसे थे जिसे कोई मिलने नहीं आता है उनको भी कंबल वितरण किया गया है।हर जेल में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पुस्तक को भी वितरित किया जा रहा है। इसके पीछे का राज यह है कि जेल में जो कैदी हैं उनके पास बाहर का कोईसंवाद नहीं होता है। कोई चर्चा नहीं होता है। कोई काम नहीं होता है। आपस में बंदियों से एक दूसरे के केस की चर्चा करते हैं। दिमाग में यह है कि जब वह कैदी 10-15 साल इस पर चर्चा करते रहेंगे।न्यायालय से बाहर जाते हैं तो वह चर्चा उनसे दूसरी गलती ना कर दे। उस चर्चा से बचाने के लिए मैं सुंदरकांड का वितरण करता हूं। नियमित सुंदरकांड करने वाले व्यक्ति को डेढ़ घंटा लगता है। नए व्यक्ति को 2 घंटे से ज्यादा लगेंगे। अध्यात्म की ओर दिमाग जाएगा तो कम से कम वह गलत चचाओं से बचेगा। अपराध की चचाओं से भी बचेगा। यही हमारा प्रयास है।वहीं जेल के अंदर बंदियों से काम करने के सवाल पर कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। मुझसे ज्यादा कोई मंत्री भ्रमण करने वाला भी नहीं होगा। ऐसी कोई शिकायत मिलेगी तो हम सख्ती कर इसकी जांच करेंगे। मेरा मकसद यह भी है कि मैं जब जेल में जाता हूं तो कैदियों से संवाद भी करता हूं कि उनके परिवार की परिस्थितियों को उनके सामने रखता हूं। कई कैदी भावुक भी होते हैं। इस समय मैं संकल्प करता हूं। उन्नाव जेल में भी कैदियों ने संकल्प किया है कि जब हम बाहर जाएंगे तो कोई भी आपराधिक कार्य नहीं करेंगे। राम मंदिर में विपक्ष के द्वारा निमंत्रण अस्वीकारजब हम बाहर जाएंगे तो कोई भी आपराधिक कार्य नहीं करेंगे। राम मंदिर में विपक्ष के द्वारा निमंत्रण अस्वीकार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जनता जान चुकी है हमारे देश की जनता बहुत समझदार है।

इसका जवाब देश की जनता आने वाले समय में दे देगी। उन्नाव की जिला जेल में गाय के गोबर से बन रहे दीए को लेकर चर्चा की। कहा कि हजारों की संख्या में यह दीए अयोध्या जाएंगे। उत्तर प्रदेश की जेल में 22 तारीख को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लाइव भी दिखाया।

500 वर्षों से ज्यादा समय के बाद यह अवसर आया है। पूरा देश इसका साक्षी बन रहा है। हमारे कैदी भी देश के रहने वाले हैं। भारत के नागरिक हैं। इन्होंने कोई गलती की है सजा काट रहे हैं। वह भी इस अवसर से न चूके इसकी व्यवस्था करने जा रहे हैं।

# योजनाओं से कोसो दूर ग्रामीण पंचायत भवनों में लटकता रहता ताला

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।विकास खंड के पंचायत भवनों को हाईटेक बनाने की योजना सफल नहीं हो पा रही है। पंचायत भवनों में ताला लटक रहे हैं और जिम्मेदार गायब है, जिससे क्षेत्र के प्रधानों में भी पंचायत सहायक की लापरवाही से रोष बढ़ता जा रहा है। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड की ग्राम खानपुर कुरौली में बने पंचायत भवन में शासन से उपलब्ध कराई गई सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्राम प्रधान जिज्ञासु पांडेय ने बताया कि आज पूर्वान्ह ग्यारह बजे के बाद जब कई ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन जाया गया तो वहां ताला बंद था। पंचायत सहायक के बारे में मालुम हुआ कि वह बांगरमऊ गई है। ग्राम प्रधान के अनुसार ग्राम पंचायत में जिस मंशा के अनुरूप पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई है वह कार्य नहीं हो पा रहा है। उनके अनुसार ग्राम पंचायत की पंचायत सहायक पंचायत भवन नहीं खोल रही हैं, न ही सुविधाएं दे रही हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन होगा, जिसकी तैयारी में होने वाली अर्चनो का सामना भी पंचायत भवन बन्द रहने से हो रहा है। ग्राम पंचायत की सचिव गरिमा शुक्ला ने बताया कि पंचायत सहायक को जो भी काम बताया जाता वह विभागीय कार्य में सहयोग करती है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत हेमन्त कुमार ने इस सम्बंध में बताया कि ग्राम पंचायत की इस स्थिति और समस्या की जानकारी मिली है शीघ्र ही इसका निराकरण किया जाएगा।

# महासभा का प्रदेश सचिव के पद किया गया चयन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने संगठन को प्रभावी बनाने के लिए नगर के मोहल्ला पश्चिमटोला के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र नाथ द्विवेदी को महासभा का प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किये जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद थे। नव नियुक्त प्रदेश सचिव पूर्व चेयरमैन पति योगेंद्र द्विवेदी ने बताया की आज के परिवेश में ब्राह्मण समाज को जागरुक होने की जरुरत है संगठन को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी जिस तरह संघर्ष कर रहे है उसमें हम सब की सहभागिता जरुरी है।इस मनोनयन पर समाज सेवी लाला त्रिपाठी, योगेश पांडे प्रधान, शिव शंकर मिश्रा, संजय त्रिपाठी, कालिका प्रसाद, अनुज शुक्ला, अनिल कुमार, करुणा शंकर, दीपक, कपिल त्रिपाठी ने संगठन की सराहना किया है।

# पत्नी के वियोग में युवक ने फांसी लगाकर दी अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।शुक्रवार को ग्राम बैगांव में 25 वर्षीय युवक ने आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली।जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।घटना के समय पत्नी मायके में थी।कोतवाली पुलिस ने शव को पंचायतनामा बाद विच्छेदन गृह भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बैगांव के कमलेश कुमार लोधी के 25 वर्षीय बेटे बिंदा प्रसाद उर्फ सुशील की जिला रायबरेली के रामपुर गांव निवासी लक्ष्मी के साथ बीते मार्च माह 2023 में शादी हुई थी।बुधवार की रात सुशील के घर न पहुंचने पर पिता कमलेश कुमार ने कोतवाली पहुंच कर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।जिसे ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित अपनी ही आम की बाग में खड़े आम के पेंड़ पर नायलान की रस्सी के सहारे फंदे से शव लटका देखा।जिससे गांव में हड़कंप मच गया।ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों संग कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी।परिजनों ने मायके में रह रही उसकी पत्नी लक्ष्मी को सूचना दी।मौत की खबर मिलने पर पिता कमलेश वर्मा, मां कुसमा, भाई अनिल, सुनील व छोटू आदि परिजनों में कोहराम मच गया।सुशील मुम्बई में सिलाई का काम करता है।बीते दिनों पत्नी से अनबन बाद ससुरालीजनों ने दहेज में दी मोटर साईकिल वापस रखा लेने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्रों के मुताबिक तीन ससुरालीजनों के नामें लिखा सुसाइड नोट कोतवाली पुलिस के कब्जे में है।

परिजनों की सूचना बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेजा है।

# उत्तर प्रदेश से अकेले अपना स्थान बनाकर कस्बे के लाल ने जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू निवासी एक छात्र ने तेरहवे राष्ट्रीय भारतीय छात्र संसद के महाराष्ट्र के पुणे मे आयोजित कार्यक्रम में भारतीय लोकतंत्र में सोशल मीडिया तथा ए आई की भूमिका विषय में भाग लेकर लगभग दस हजार छात्रों में उत्तरप्रदेश से अकेले अपना स्थान बनाकर चुने गए जिसकी सूचना कस्बे में पहुँचने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। कस्बा निवासी पंडित ऋषि कांत मिश्रा का पुत्र ऋषि वैभव मिश्रा बनारस के हिन्दू विश्वविद्यालय का छात्र है। उसने पुणे में दस से बारह जनवरी तक आयोजित हुए राष्ट्रीय भारतीय छात्र संसद में भाग लिया जिसमें देश के लगभग दस हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिया।जिसमें युवाओं ने युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने,तथा लोकतंत्र में भागी दारी, महिला सुरक्षा,सोशल मीडिया के उपयोग, लोकगीत, सांस्कृतिक संभाषण आदि विषयों पर विचार व्यक्त किये गए। इसमें ऋषि वैभव मिश्र ने भारत को विश्व गुरु बनाने की बात करके युवाओं को प्रोत्साहित किया जिसपर उनको उत्तर प्रदेश से प्रतिनिधि के रूप चुना गया। इसकार्यक्रम में पूर्व उप राष्ट्रपति वेंकईया नायडू, अनेक राजनेता, शिक्षा विद तथा देश के विभिन्न राज्यों से आये छात्रों ने भाग लिया।

# ठंड से बेहाल गौशाला में मवेशी ईओ साहब अपनी मस्ती में मस्त

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कस्बा मोहान और न्योतनी नगर पंचायत के ईओ संतोष चौधरी की सरकार विरोधी कार्य से गोशाला में बंद गोवंशियों को ठंड से बचाव और हरे चारे की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही।जबकि दूसरी तरफ ईओ छप्पन भोग खाना खाने लखनऊ होटलों में जाते हैं। चर्चा हैं कि रात होते ही ईओ टल्ली भी हो जाते हैं। जिससे ईओ की लापरवाही से मोहान में बस्ती,सड़क,चौराहे आसपास खेतों में 300 से अधिक गोवंश झुंड में घूम घूम कर राहगीरो और कस्बेवासियों के लिए परेशानी बने हुए हैं। मोहान गोशाला में ठंड से बचाव के लिए न अलाव की व्यवस्था हैं न ही उढ़ाने के लिए झाल के इंतजाम किए गया। चारे के नाम पर सिर्फ सुखा भूसा ही दिया जा रहा।यही हाल न्योतनी गोशाला का हैं जहां हरे चारे के लिए चरही तक के इंतजाम नही किया गया।जिससे प्लास्टिक के डिब्बों में सुखा चारा पड़ा मिला। कुछ डिब्बे गिरे दिखाई दिए जिससे भूसा भी बिखर जाने से गोवंशीय भूखे दिखाई दिए। ठंड से बचने के लिए बोरे की झाल नही होने से कांपते दिखे। जबकि ग्रामीणों का आरोप हैं कि ईओ चारे का पैसा बचाकर आए दिन लखनऊ में महंगे महंगे होटलों में छप्पन भोग खाना खाने जाते हैं। जबकि गायों को सुखा भूसा दिया जा रहा। जिससे गोवंशीय भूंखे मरने को मजबूर किए का रहे। ईओ संतोष चौधरी ने बताया कि छप्पन भोग क्या गायों के लिए बनाया जाता हैं।गोशाला में बंद हैं तो सुखा भूसा ही मिल रहा। जो बाहर घूम रहे उनको तो भूसा भी नही मिल रहा। ठेकेदार साथी हैं वही लखनऊ घुमाने ले जाते हैं तो न जाए क्या।

# राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री की जयंती उनके जन्मस्थली में धूम धाम से मनाई गई

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पदम विभूषण,पूर्व राज्यपाल , पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री रहे पंडित उमा शंकर दीक्षित की 123वीं जयंती उनके गृह नगर कस्बा ऊगू स्थित ज्वालादेवी दीक्षित बालिका विद्यालय में बड़े धूम धाम से मनाई गई इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची आरती बाजपेयी ने दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पण कर उन्हें याद किया तथा इसी क्रम में विद्यालय में मौजूद शिक्षकों व नगर के वरिष्ठ जनों के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका जन्मदिन मनाया साथ ही अपने संबोधन में आरती बाजपेयी ने दद्दा के किये कार्यो को मौजूद छात्राओं को बताया व सभी को उन्हीं के मार्गों पर चलने का संकल्प भी दिलाया और आश्वाशन दिलाया कि विद्यालय संबंधी जो भी समस्या होगी उनको हल करवाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगी। इस मौके पर राजीव बाजपेयी पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह, प्रकाश चंद्र दीक्षित,सुनील कुमार द्विवेदी, विदुषी बाजपेयी, बबुआ त्रिवेदी,नरेंद्र कनौजिया, विनोद दीक्षित, गोपाल शुक्ला सियाराम कनौजिया के साथ समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं के साथ नगरवासी मौजूद रहे।

# राम कथा का आनंद तभी है जब वक्ता और श्रोता दोनों सुर, लय, ताल मिलाकर कथा का रसपान करें

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कथा वाचक ने कहा अगर प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे प्रेम के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है। ह्य रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई चौपाई के माध्यम से बताया कि प्रभु श्रीराम स्वयं सत्य के कब्जे में है। परंतु सत्य भगवान श्रीकृष्ण के कब्जे में है क्योंकि कृष्ण महा सत्य है देवी दीक्षा ने प्रसंग को विस्तारित करते हुए कहा कि विषयी लोग सदैव असत्य के कब्जे में रहते है। वे सदैव झूठ ही बोलते है। उन पर असत्य हावी हो जाता है। साधक सत्य व असत्य दोनों के कब्जे ( वश ) में होते हैं। इसलिए जब साधक पर सत्य हावी रहता है, तब तक तो ठीक है परंतु असत्य हावी होते ही उसे समस्या होती है। वह ना चाहते हुए भी असत्य बोलने लगता है। कथा सुनने पहुंचे बाल आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी बाल कल्याण समिति अध्यक्ष न्यायपीठ प्रीति सिंह उपहार फाउंडेशन अध्यक्ष आरती यादव उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार संगठन अध्यक्ष अमित मिश्रा साईं मंदिर संस्थापक सुरेंद्र वर्मा व भक्तगण मौजूद रहे।

# जन जन तक पहुंचे योजनाओं का लाभ विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा जनपद के 06 विकास खण्डों की 18 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में निवासित जन समूह को जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ जन -जन तक पहुंचाना। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आज की कड़ी में जनपद में नवाबगंज, विछिया, असोहा बांगरमऊ, बीघापुर एवं एफ - चौरासी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित सभी विकास खण्डों में लगभग 21000 स्थानीय निवासियो ने प्रतिभाग कर वर्ष 2047 भारत देश को विकसित करने का संकल्प लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान ग्राम पंचायत में निवासित ग्रामवासियों तक जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक, पशुपालन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के तत्वावधान में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की ई-केवाईसी, एनपीसीआई, भू-अंकन एवं किसानों का ओपेन सोर्स के किसानों की समस्याओं का समाधन किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजे जाने का प्रमाण दिया गया। विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम पंचायत लालपुर में माननीय विधायक मोहान श्री बृजेश रावत, विकास खण्ड असोहा के ग्राम पंचायत सहरावां में मा विधायक पुरवा अनिल सिंह ने प्रतिभाग कर उपस्थित जन-समुह एवं किसानों की समस्याओं से अवगत हुए तथा जिन समस्याओं का निदान तत्काल सम्भव था उसका निदान करवाये अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिये।

# कॉलेज के स्वयंसेवक करेंगे 27 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिनिधित्व

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 27 वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन दिनांक 12 से 17 जनवरी 2024 तक महाराष्ट्र के नासिक में किया जा रहा है।हर्ष का विषय है कि डी एस एन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के 2 स्वयंसेवक शिवांगी मिश्रा एवं आदर्श पांडे राष्ट्रीय युवा महोत्सव में उत्तर प्रदेश की टीम के साथ प्रतिनिधित्व करेंगे।एन एस एस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना त्रिवेदी ने स्वयंसेवको को शुभकामनाएं दे कर स्टेशन पहुंचाया।सदर विधायक पंकज गुप्ता , महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ मानवेंद्र सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप गुप्ता, एनसीसी के ए एन ओ लेफ्टिनेंट डॉ विपिन सिंह, लाइब्रेरी साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ मनीष त्रिपाठी जी ने बच्चों को बधाइयां दी।

# डीएम की अध्यक्षता में कराई गई ई-लाटरी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास भवन सभागार में जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिविल आयल, इन-सी-टू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना के तहत रुपया दस हजार से अधिक अनुदान वाले यन्त्रों की ई - लाटरी जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में करायी गयी। ई-लाटरी का आयोजन जिलाधिकारी द्वारा गठित अध्यक्ष सहित 15 सदस्सीय समिति के सद्स्यों डा मुकुल तिवारी उप कृषि निदेशक उन्नाव सदस्य सचिव, सुरेन्द्र राम भास्कर सह सचिव सदस्य, कुलदीप मिश्रा जिला कृषि अधिकारी सदस्य , नामित प्रगतिशील कृषक विकास सिकन्दर पुर करन से चन्द्र कुमार पटेल, विकास खण्ड बीघपुर के बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विकास खण्ड मियागंज से अनिल मिश्रा विकास खण्ड सिकन्दर पुर सिरोसी के अरविंद कुमार, विकास खण्ड बांगरमऊ के सुधीर कुमार, स्वयं सहायत समूह के प्रतिनिधि आशा रानी एवं विपिन कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र धौरा अभियांत्रिकी वैज्ञानिक अभियन्ता रमेश मौर्या, नावार्ड के सुनील कुमार वर्मा एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नव प्रभात रंजन विशेष सदस्यों एवं आर के सिंह उप कृषि निदेशक भूमि संरक्षण तकनीकी मुख्यालय कृषि भवन लखनऊ के समक्ष पूर्ण की गयी। ई-लाटरी के माध्यम से कृषि यन्त्रों के अनुदान वितरण व्यवस्था पहली बार की गयी। जिलाधिकारी ने किसानों के उत्साह को देखते हुए इस व्यवस्था की सराहना की और बताई की यह व्यवस्था पूर्णतया पारदर्शी है क्योंकि की ई-लाटरी विकास खण्डवार उपस्थित कृषकों के समक्ष उनके द्वारा बताएं गये पांच अंकों वाला रेन्डम नम्बर से प्रति यन्त्र की ई-लाटरी पांच चरणों चार मांक एवं पांचवें चरण में चयनित कृषक को अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। प्रति यन्त्र दो कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से हुआ है यदि किसी कारण बस प्रथम चयनित कृषक यन्त्र लेने में मानकों अनुरूप ने ही होता तो द्वितीय चयनित कृषक को अवसर दिया जायेगा। ई-लाटरी की प्रक्रिया जनपद के सभी विकास खण्डों से क्रमवार लगभग 750 किसानों के समक्ष पूर्ण किया गया। ई-लाटरी के माध्यम से समस्त योजनाओं में लगभग 184 किसानों को अनुदान का दिया जायेगा। जिन किसानों का ई-लाटरी के माध्यम से अनुदान के लिए चयन हुआ है वे किसान भाई 2 फरवरी 2024 तक कृषि यंत्र का क्रय करके अपना बिल कृषि विभाग की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड कर दें जिससे की समय से अनुदानित धनराशि उनके पंजीकृत खातें में भेजा जा सकें। यदि कृषक बन्धु समय से बिल वेवसाईट पर अपलोड नहीं करते हैं तो उनका चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा और अनुदान का लाभ प्रतीक्षित कृषक को मिल जायेगा।

चिंतन

# 'कार्बन टैक्स' लगाना व्यवहारिक विचार नहीं

कार्बन उत्सर्जन में कमी वैश्विक दायित्व है। अमेरिकी व यूरोपीय विकसित देशों ने अतीत में अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन कर आज के लिए वैश्विक संकट खड़ा कर दिया है। इसलिए उनका दायित्व है कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए किए जा रहे प्रयासों में वे विकासशील देशों की जरूरतों के अनुरूप मदद करें और हर्जाना भी भरें। विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों पर कार्बन टैक्स लगाने का विचार नहीं करना चाहिए। भारत और चीन को अक्सर कार्बन उत्सर्जन के लिए निशाना बनाया जाता है, जबकि दुनिया की वर्तमान स्थिति यूरोपीय व अमेरिकी देशों द्वारा अंधाधुंध औद्योगिकीकरण का नतीजा है। जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए सीओपी-28 में किसी फैसले पर सहमति से पहले ही कार्बन टैक्स जलवायु लड़ाई में तब्दील हो गया है। यूरोपीय संघ भारत और चीन जैसे देशों से आयातित सामान बनाने के लिए उत्सर्जित कार्बन प्रदूषण पर टैक्स लगाने की योजना बना रहा है, इससे दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में जलवायु लड़ाई की नई बहस छिड़ गई है। गरीब देशों का तर्क है कि कार्बन टैक्स आजीविका और आर्थिक विकास को नुकसान पहुंचाएगा। कार्बन सीमा समायोजन तंत्र के रूप में जाना जाने वाला यह टैक्स गैर-ईयू देशों में लोहा, स्टील, सीमेंट, उर्वरक और एल्यूमीनियम जैसे ऊर्जा-गहन उत्पादों को बनाने के लिए उत्सर्जित कार्बन पर एक मूल्य निर्धारित करना चाहता है। यूरोपीय संघ का कहना है कि यह घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं के लिए समान अवसर पैदा करता है, जिन्हें सख्त हरित मानकों का पालन करना होता है और आयात से उत्सर्जन भी कम होता है। यूरोपीय संघ को भारत व चीन की चिंताओं को समझना चाहिए, क्योंकि इस टैक्स से विकासशील देश की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होगा और इस गुट के साथ व्यापार करना बहुत महंगा हो जाएगा। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि उत्सर्जित कार्बन पर प्रति टन 44 अमेरिकी डॉलर का टैक्स लगाने से आपूर्ति श्रृंखला से प्रदूषण आधा हो जाएगा। यह भी अनुमान लगाया गया है कि अमीर देश टैक्स से 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर कमाएंगे, लेकिन गरीब देशों को 5.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। अमेरिका और कनाडा जैसे देश भी कार्बन टैक्स के अपने स्वयं के मॉडल पर विचार कर रहे हैं, जो कि विकासशील देशों पर भारी पड़ सकता है। भारत सरकार इस विचार का कड़ा विरोध करने वालों में से एक है। भारत का कहना है कि उद्योगों को निर्यात और घरेलू सामान दोनों के लिए कार्बन उपयोग कम करने के लिए निवेश करने की आवश्यकता है। स्टेट ऑफ क्लाइमेट एक्शन 2023 रिपोर्ट से पता चला है कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए आवश्यक लगभग हर नीति पर दुनिया बहुत पीछे है जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों से बचने के लिए कोयले को सात गुना तेजी से समाप्त किया जाना चाहिए, वनों की कटाई को चार गुना तेजी से कम किया जाना चाहिए और दुनिया भर में सार्वजनिक परिवहन को वर्तमान की तुलना में छह गुना तेजी से बनाया जाना चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा पर प्रगति और इलेक्ट्रिक वाहनों के चलन के बावजूद, देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के लिए आवश्यक लगभग हर नीति में पीछे रह रहे हैं। कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर गंभीर होने की आवश्यकता है और किसी भी प्रकार का कार्बन टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए, वरना तापमान में कटौती का वैश्विक लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

विश्लेषण

डॉ. एल.एस. यादव

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता

अब एक बार फिर भारत की तीनों सेनाओं की ताकत बढ़ाने का कदम उठाया गया है। 30 नवम्बर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री के नेतृत्व वाली डिफेंस एक्वीजिशन काउंसिल यानी डीएसी की बैठक में भारतीय सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष निर्णय लेते हुए नए हथियारों की खरीदारी की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस निर्णय से देश को जल्द ही नए तेजस लड़ाकू विमान, हमलावर हेलीकॉप्टर प्रचंड, नया विमानवाहक पोत, माउंटेन गन सिस्टम तथामिसाइलों जैसी नए हथियार मिल जाएंगे। डीएसी ने इन नए हथियारों की खरीद-फरोख्त की मंजूरी दे दी है। ये सभी हथियार चीन व पाक की सीमा पर युद्ध के समय दुश्मन सेना के छक्के छुड़ाएंगे।

भारत की सशस्त्र सेनाएं अब दुनिया में अत्यन्त ताकतवर सैन्य बलों के रूप में गिनी जाने लगी हैं, क्योंकि अब इनकी ताकत में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सैन्य क्षेत्र में अधिक ताकवतर बनने के प्रयास वर्ष 2020 में तब शुरू कर दिए गए जब पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी में चीनी सेनाओं के साथ भारतीय जवानों की हिंसक झड़प हुई थी। उल्लेखनीय है कि जून में हुई इस झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे। इस घटना के बाद से भारत ने चीन सीमा पर सैन्य तैनाती ही नहीं बढ़ाई बल्कि बुनियादी ढांचे को भी बढ़ाया। इसके अलावा सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए मेक इन इंडिया पर अधिक जोर दिया गया। अब भारत न सिर्फ अपने लिए रक्षा के उपकरण और अत्याधुनिक हथियार बना रहा है बल्कि दूसरे देशों को हथियार बेचने में भी सक्षम हो गया है।

अब एक बार फिर भारत की तीनों सेनाओं की ताकत बढ़ाने का कदम उठाया गया है। 30 नवम्बर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री के नेतृत्व वाली डिफेंस एक्वीजिशन काउंसिल यानी डीएसी की बैठक में भारतीय सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष निर्णय लेते हुए नए हथियारों की खरीदारी की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस निर्णय से देश को जल्द ही नए तेजस लड़ाकू विमान, हमलावर हेलीकॉप्टर प्रचंड, नया विमानवाहक पोत, माउंटेन गन सिस्टम तथा एमआरएसएएम मिसाइलों जैसी नए हथियार मिल जाएंगे। डीएसी ने इन नए हथियारों की खरीद-फरोख्त की मंजूरी दे दी है। ये सभी हथियार चीन व पाकिस्तान की सीमा पर युद्ध के समय दुश्मन सेना के छक्के छुड़ाएंगे।

डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नये स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 ग 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जब ये सभी हथियार भारतीय सेनाओं में शामिल होंगे तब उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। जब ये सभी हथियार स्वदेशी तकनीक से देश में ही बनेंगे तो मेक इन इंडिया के बढ़ावा के साथ ही देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर होगा। तेजस विमानों के मिलने के बाद भारतीय वायुसेना के पुराने लड़ाकू विमानों को हटाया जाएगा। वर्तमान में भारतीय वायुसेना 180 तेजस विमानों की जरूरत है। 83 तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों के लिए कॉन्ट्रेक्ट हो चुका है। अब 97 तेजस और लिए जाएंगे। फिलहाल तेजस के दो स्क्वाड्रन वायुसेना के पास हैं जिनमें से एक का नाम फ्लाइंग डैगर्स और दूसरे का नाम फ्लाइंग बुलेट्स है। तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान का आकार छोटा है, इसलिए दुश्मन का कोई राडार सिस्टम इसे पकड़ नहीं पाता है। ऐसे में यह कहीं भी बेखौफ हमला कर सकता है। इसकी मारक दूरी की क्षमता 500

किलोमीटर तक की है। वैसे इसकी कुल रेंज 1850 किलोमीटर की है और अधिकतम 53000 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसकी अधिकतम गति 1980 किलोमीटर प्रति घण्टा है। यह हथियारों से लैस होकर शत्रु के क्षेत्र में आक्रमण कर आसानी से वापस लौट सकता है।

रक्षा खरीद परिषद ने 156 और नए प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। ये हेलीकॉप्टर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से खरीदे जाएंगे। इन 156 हेलीकॉप्टरों में से 66 को वायु सेना में शामिल किया जाएगा तथा शेष 90 हेलीकॉप्टरों को थल सेना अधिग्रहीत करेगी। इससे वायु सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। देश में विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड के वायुसेना के बेड़े में शामिल हो जाने से उसकी युद्ध कौशल क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी हो जाएगी। प्रचंड अत्याधुनिक किस्म का लड़ाकू हेलीकॉप्टर है जो बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, किसी भी मौसम में किसी भी समय पर हमला करने में सक्षम तथा किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने में पारंगत है। यह बहुपयोगी हेलीकॉप्टर दुश्मनों के राडारों के चकमा देने में माहिर है, इसलिए अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी पूरी क्षमता के साथ शत्रु के बंकरों को तबाह करने, आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने और बचाव अभियान में वायु सेना सक्षम होगी। प्रचंड हेलीकॉप्टर अपनी लड़ाकू विषेशताओं के कारण भारतीय वायु सेना की आक्रामक क्षमताओं को काफी मजबूती प्रदान करेगा। यह हेलीकॉप्टर दोहरे इंजन वाला है। 5.8 टन वजन वाला यह हेलीकॉप्टर स्टील्थ फीचर, आर्मर्ड प्रोटेक्षन सिस्टम तथा रात में हमला करने में सक्षम है। यह 5000 मीटर की ऊंचाई पर टेक ऑफ तथा लैंड करने की क्षमता वाला यह संसार का इकलौता हेलीकॉप्टर है। यह एक्सटेंडेड रेंज वाला हर मौसम में आक्रमण करने में सक्षम होने के साथ-साथ हवा से सतह तथा हवा से हवा में मिसाइल दागने की क्षमता से लैस है। इसे हवा से सतह की नई मारक तकनीक से लैस किया गया है। यह पहाड़ों तथा अन्य इलाकों में शत्रु के मजबूत शेल्टरों को भी ध्वस्त कर सकेगा। यह रेगिस्तानी इलाकों के साथ ही लद्दाख व सियाचिन जैसे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भी कारगर भूमिका निभाएगा। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। भारतीय नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रान्त हैं। इनमें से आईएनएस विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और आईएनएस विक्रान्त स्वदेश में निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रान्त की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन षिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर की होगी। इसकी गति 52 किलोमीटर प्रति घण्टा होगी। यह पानी में तैरते हुए किसी सैन्य अड्डे की तरह होगा। इस पर करीब 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल, रॉकेट, गन और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। यह 400 किलोमीटर की एरिया की निगरानी करेगा और इतने क्षेत्र के खतरों से निपटने में सक्षम होगा। इस तरह हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

भारतीय वायु सेना को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। पुराने मिग-21 लड़ाकू विमान अब वायु सेना का हिस्सा नहीं रहेंगे। मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने के लिए वायु सेना 60000 करोड़ रुपये की लागत से 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य किया जाएगा। वायु सेना के बेड़े में मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई के तैयार रहने वाले हैं। इन सभी विमानों का इस्तेमाल करने पर हम पाकिस्तान व चीन दोनों पर भारी पड़ेंगे।

विशेष

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# 75वीं दहलीज यूडीएचआर व मानवाधिकार का सच

यह पृथ्वी हमारी है। चाहे भौगोलिक क्षेत्र कोई भी हो, इस पृथ्वी पर मनुष्य द्वारा सृजित सत्ता है। इस पृथ्वी पर मनुष्य की इस सत्ता को चुनौती भी मनुष्य सभ्यता द्वारा लगातार दी जा रही है। हमारे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास के लिए गढ़ी गई विभिन्न अवधारणाओं में हमें यह बताने की कोशिश होती है कि इस बदलाव से अमुक चीजें मनुष्य के लिए सहयोगी बनेंगी, लेकिन होता कुछ नहीं है। एक उदाहरण देखें। भारत आजाद हुआ और नेहरू की सरकार ने देश में विकास की बात की और यह बताया कि जब बांध बनेंगे तो बिजली बनेगी। बिजली बनेगी तो विकास होगा। इसी प्रकार जब भी परमाणु परीक्षण हुआ तो यह बताया गया कि आत्म-सुरक्षा की दृष्टि से और अपने विकास व मेधा को प्रदर्शित करने के लिए यह साइंटिफिक रिसर्च व हथियार हमारे ज्ञान के विकास को प्रदर्शित करते हैं। यह हमारी संप्रभुता और शक्तिशाली होने को भी प्रमाणित करते हैं। दुनिया में शहरीकरण, बाजार, औद्योगीकरण से विकास को परिभाषित किया गया। कृषि आधारित उत्पादन के लिए खाद व रसायन का उपयोग होगा तो यह हमारी तरक्की होगी, यह भी बताया गया। अब यह मनुष्यों द्वारा ईजाद किया गया भ्रम मनुष्य पर भारी पड़ने लगा है। बांधों से विस्थापन हुआ। परमाणु हथियारों से नागासाकी और हिरोशिमा हुआ। अन्य विकास के जो भी पैमाने बताए गए, उनसे मनुष्य-समाज किस प्रकार अपने ही ऊपर कसे गए सिकंजे में फंस हुआ स्वयं को पा रहा है, उसे हर व्यक्ति आज जान चुका है। ये सभी मानवाधिकारों के हनन के कारक हैं। जब प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ था तो दुनिया इकट्ठी हुई थी। लीग ऑफ नेशंस बनाया। द्वितीय विश्व युद्ध हुआ तो दुनिया जुटी और संयुक्त राष्ट्र बनाया। संयुक्त राष्ट्र बनने के बाद ही तो दुनिया में मानवाधिकारों के व्यापक संरक्षण की वकालत शुरू हुई थी और एलीनर रुजवेल्ट की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र तैयार हुआ था। भारत की हंसा मेहता भी इस महत्वपूर्ण दस्तावेज निर्माण में शामिल थीं। 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र दुनिया के अधिकांश देशों ने सर्वसम्मति से अंगीकृत किया। अपने उत्थान और पतन की पर्याप्त बहस में उलझा इंसान इस सार्वभौम घोषणा पत्र के 75 वर्ष बाद यह आंकलन कर रहा है कि हमने अपनी प्रतिबद्धताओं के साथ क्या किया? हम मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए कितना सफल हुए? संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा-पत्र यानी यूडीएचआर के 75वीं दहलीज के बाद का मानवाधिकारों का जायजा लिया जाना जरूरी भी है। यह समझने की जरूरत है कि संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकारों के उच्चायुक्त कार्यालय, ने कितना मानवाधिकारों का संरक्षण किया और क्या शेष है? या यह सब आज तक जो हुआ वह सब एक प्रकार से भ्रम रचा गया। सवाल खुद से पूछकर देखिए तो हजार सवाल हैं सबके पास। कोई भी दुनिया का व्यक्ति आज से संतुष्ट नहीं है। लेकिन, ऐसा नहीं है कि असन्तुष्ट लोगों की संख्या बहुत ही अधिक है। विश्व के विभिन्न हिस्से में निगाह उठाकर देखें तो पता चलता है कि आज भी सुरक्षा, गरिमा, स्वस्थ जीवन, भरपेट भोजन व स्वतंत्रता व संपन्नता पूर्णतया सबके लिए मौजूद नहीं है। शरणार्थियों की संख्या बढ़ रही है। विस्थापन हो रहे हैं। भूख बढ़ी है। गरीबी बढ़ी है। हिंसा बढ़ी है। युद्ध निरंतर जारी हैं। जलवायु समस्या रुकने का नाम नहीं ले रही है। हमारा समुद्र और ग्लेशियर भी कहां सुरक्षित हैं। हमारा हैपीनेस इंडेक्स किस स्तर पर है, यह सबको पता है। भारत में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने सतत मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य किया है, इस बात का संतोष है। वर्तमान एनएचआरसी अध्यक्ष और उसके सम्मानित सदस्य निःसंदेह जिन्होंने नई पहल की है, उसकी गनहरी ने तारीफ की है। विश्व में हमारे एनएचआरसी का सम्मान बढ़ा है। स्वतःसंज्ञान के भी मामले बहुत प्रभावकारी बन पड़े हैं। ऐसा ही पूरे विश्व के देश प्रयास करें। ऐसा ही हर व्यक्ति प्रयास करे।

# वस्तुनिष्ठ विश्लेषण है विज्ञान

संकलित

दर्शन

जब आप संसार की किसी वस्तु को जानने की जिज्ञासा में यह प्रश्न करते हैं कि यह क्या है? तो दरअसल किसी चीज को इस दृष्टिकोण से जानने की उत्सुकता रखना आपको विज्ञान की ओर अग्रसर करता है और यदि आप ये प्रश्न करते हैं कि मैं कौन हूं? तो यह दृष्टिकोण आपको आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर करता है। वस्तुनिष्ठ विश्लेषण विज्ञान है और आत्मनिष्ठ विश्लेषण अध्यात्म। क्या आप जानते हैं, ऐसा कहा गया है कि बुद्धिमता का पहला चिन्ह है कि कुछ भी न कहो, दूसरा चिन्ह है कि क्योंकि आप पहला चिन्ह खो चुके हो, तो जब तक पूछा न जाए तब तक कुछ भी न कहें। इस देश में लगभग सभी शास्त्र एक प्रश्न से शुरू होते हैं। दूसरे देशों के विपरीत यहां हमने हमेशा अनुसंधान की भावना को बढ़ावा दिया है। विज्ञान का मूल अनुसंधान की भावना है। पूर्व में हमेशा हमने आपको प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया है। हम यह कभी नहीं कहते कि प्रश्न मत पूछो, हम कहते हैं कि प्रश्न पूछो। मुझसे एक अध्यापक ने पूछा कि विज्ञान और आध्यात्मिकता में क्या भेद है? विज्ञान क्या है? विज्ञान माने, यह क्या है? का व्यवस्थित विश्लेषण ही विज्ञान है। पूरब में विज्ञान और अध्यात्म कभी भी एक दूसरे के विरोधाभासी नहीं रहे। यहां कभी किसी वैज्ञानिक को सताया नहीं गया। अब ध्यान करना है बहुत आसान। आज ही सीखें। पश्चिम में कहते हैं तुम पहले विश्वास करो, एक दिन तुम्हें अनुभव भी हो जाएगा। उसमें भी कुछ सत्य है। *-श्रीश्री रवि शंकर*

# आज के मनुष्य का प्रधान शत्रु है आलस्य

संकलित

प्रेरणा

आज के मनुष्य का एक प्रधान शत्रु आलस्य है तनिक सा कार्य करने पर ही वह ऐसी मनोभावना बना लेता है कि अब मैं थक गया हूं। मैंने बहुत काम कर लिया है। अब थोड़ी देर विश्राम या मनोरंजन कर लूं। ऐसी मानसिक निर्बलता का विचार मन में आते ही वह शैय्या पर लेट जाता है अथवा सिनेमा में जा पहुंचता है या सैर को निकल जाता है और मित्र मंडली में व्यर्थ की गपशप करता है। यदि आधुनिक मानव अपनी कुशाग्रता, तीव्रता, कुशलता और विकास का घमंड करता है, तो उसे यह भी स्मरण रखना चाहिए कि समय की इतनी बर्बादी पहले कभी नहीं की गई। यदि हम मन में दृढ़तापूर्वक यह ठान लें कि हमें अपने दिन से सबसे अधिक लाभ उठाना है, प्रत्येक क्षण का सर्वाधिक सुंदर तरीके से उपयोग करना है तो कई गुना लाभ उठा सकते हैं। जो व्यक्ति अपनी आय का प्रारंभिक बजट बना कर खर्च करता है, वह प्रत्येक रुपए इकन्नी और पैसे से अधिकतम लाभ निकालता है। इसी प्रकार दैनिक कार्यक्रम बनाकर समय को व्यय करने वाला जीवन के प्रत्येक क्षण का अधिकतम लाभ उठाता है और आत्म विकास करता है। प्रत्येक क्षण जो आप व्यय करते हैं, अंतिम रूप से व्यय कर डालते हैं, वह वापस लौटकर आने वाला नहीं है। जब मृत्यु समीप आती है तो हमें जीवन के दो चार क्षणों का ही बड़ा मूल्य लगता है। कठोर एकाग्रता वाले कार्यों से वह दूर भागता है। यह भी आलस्य जन्य विकार का एक रूप है। वे श्रम कम करते हैं, विश्राम और मनोरंजन अधिक चाहते हैं। *-श्रीराम शर्मा*

## अंतर्मन

## आज की पाती

### नशा नाश ही नहीं सर्वनाश करता है

नशा नाश करने वाली युक्ति हम हर दूसरे व्यक्ति से सुनते हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर युवा नशे के आदि होते जा रहे है। पंजाब में युवा नशे के कारण बर्बाद हो रहा है। गुजरात में पुलिस ने कई बार ड्रग्स बरामद किया है। इन राज्यों के अलावा राजस्थान में भी नशे का कारोबार फलफूल रहा है। युवा नशे के आदि हो रहे हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन अनभिज्ञ है। नशे के कारण मां की कोख सूनी हो रही है। सुहाग उजड़ रहा, बहन अपने भाई को खो रही है। राजस्थान में नशे के कारोबारी पुड़िया में नशीले ड्रग्स का कारोबार कर युवाओं का जीवन नष्ट कर रहे हैं। राजस्थान में अब नई सरकार का गठन होगा और जनता को विश्वास है कि नशा बेचने वाले पैडलर को राज्य से भगाया जाएगा। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## महान विचारक स्वामी विवेकानन्द

कोलकाता भूमि के जगे भाग्य,
12 जनवरी, 1893 बन गया खास।
विश्वनाथ, भुवनेश्वरी हो गये धन्य,
जब हुआ विवेकानंद का जन्म।।
रामकृष्ण परमहंस को गुरु बनाया,
अध्यात्म ज्ञान उनसे ही पाया।
जीवन का उनसे पाकर सच्चा ज्ञान,
तभी बने ये विवेकानंद महान।।
11 सितम्बर 1893, दिन बना खास,
जब विवेकानंद ने रचा इतिहास।
शिकागो धर्म सभा में दिया ज्ञान,
सबको हुआ भारत पर अभिमान।।
रामकृष्ण मिशन की करी स्थापना,
पूरी की गुरु की यह महान कामना।
विदेशमें धर्म का परचम फहराया,
सेवा को ही आधार बतलाया।।
आत्म भक्ति की शक्ति दिखायी,
मानव मर्म की पहचान करायी।
नव भारत का किया निर्माण,
करते हैं हम युग पुरुष को प्रणाम।।
यह थे संघर्ष, त्याग के प्रतीक,
जीवन था इनका जैसे तीर्थ।
4 जुलाई, 1902 का दिन बना काल
चिरनिद्रा में सो गया भारत का लाल।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय अमौली (1-8)
अमौली, फतेहपुर

## करंट अफेयर

# अब रूस ने दी 'तीसरे विश्वयुद्ध' की चेतावनी

रूस और यूक्रेन का युद्ध चल रहा है और दुनिया एक बार फिर तबाही के मुहाने पर है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की ओर से वॉर्निंग दी गई है। इसमें कहा गया है कि 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से परमाणु विश्वयुद्ध का खतरा इतना बड़ा कभी नहीं रहा। पूर्व रूसी राष्ट्रपति और पुतिन के करीबी दिमित्री मेदवेदेव ने भविष्यवाणी की है कि खून की नदियां बहेंगी। उन्होंने यूक्रेन के लिए और भी ज्यादा सैन्य समर्थन को मंजूरी देने के लिए अमेरिकी कांग्रेस को मजबूर करने के बाइडेन प्रशासन के प्रयासों की आलोचना की।

## ऑफ बीट

# अद्भुत है सारण में बना द्वारिकाधीश मंदिर

द्वारिकाधीश मंदिर गुजरात की तर्ज पर बना बिहार के छपरा का द्वारिकाधीश मंदिर भी अब पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है और मंदिर की दर्शनीयता को देखने के लिए दूर-दूर से लोग बिहार के छपरा नैनी गांव में आते हैं। यह मंदिर गुजरात के द्वारिकाधीश मंदिर की याद दिलाता है और उसी तरह विशेष धार्मिक महत्त्व रखता है। गुजरात से भी श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। छपरा-बनियापुर सडक़ से सटे नैनी गांव में स्थापित है द्वारिकाधीश मंदिर। छपरा शहर से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर एनएच 331 स्थित नैनी में बना द्वारिकाधीश मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बिंदु बन गया है।

## संक्षेप

### परिषदीय विद्यालय का ताला तोड़ हुई चोरी

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा एवं नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हरवंशपुर व प्राथमिक विद्यालय अंटहवा के परिषदीय स्कूल का ताला तोड़ बीती 11-12 जनवरी रात्रि एमडीएम बर्तन व खाद्यान, विद्यालय अभिलेख, चटाई, खेल सामग्री आदि सामान उठा ले गए। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय हरवंशपुर इंचार्ज प्रधानाध्यापक जंगली प्रसाद व नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अंटहवा की प्रधानाध्यापिका प्रतिभा त्यागी ने बताया कि विद्यालय सम्बंधित कागजात, एमडीएम सामान चोरी कर ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर प्रधानाध्यापक जब सुबह विद्यालय पहुंचे तो देखा कि विद्यालय के कमरे एवं कार्यालय का ताला टूटा हुआ है। सम्बंधित विद्यालयों के ग्राम प्रधान व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों ने खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज को चोरी की घटना से सम्बंधित सूचना दी है।

### सेवानिवृत्त कार्मिकों से पेशकार पद के लिए मांगे गये आवेदन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि स्थाई लोक अदालत, बहराइच में पेशकार के एक पद लिए जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय से सेवानिवृत्त इच्छुक कर्मचारी 25 जनवरी 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के कार्यालय (एडीआर भवन) में स्वयं अथवा डाक द्वारा आवेदन जमा कर सकते है। नियत तिथि व समय के पश्चात्प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी एडीआर भवन अथवा जनपद न्यायालय की वेबसाइट डिस्ट्रिक्ट ईकोर्ट डाट जीओवी डाट इन ऐट बहराइच आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। श्री शिरोमणि ने बताया कि अधिकतम दो वर्ष के लिये एक निर्धारित मानदेय रू. 9000=00 प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियो का चयन किया जाना है।

### हमीरपुर में अज्ञात वाहन बाइक सवार को रौंदा

हमीरपुर, हमीरपुर के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक युवक को कानपुर ले जाते समय मौत हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। यह हादसा मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नारायाच पुल के पास हुआ है। यहां रात लगभग डेढ़ से दो बजे के बीच बाइक सवार तीन युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए रौंदते हुए निकल गया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई है।

# रूपईडीहा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिख रहा है शहरी आवास योजना

## ठिठुरन भरी सर्दी में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर लाभार्थी

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रूपईडीहा, बहराइच।नगर पंचायत रूपईडीहा में शहरी आवास योजना भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। इस संबंध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य नबी अहमद ने एक पत्र जिलाधिकारी बहराइच को लिखा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों द्वारा जांच में नियुक्त अधिकारियों के समक्ष अवैध वसूली का बयान देने के उपरांत भी विधिक कार्रवाई न होने के संबंध में जिलाधिकारी बहराइच को पत्र लिखा है। जिसमें बताया गया है कि नवसृजित नगर पंचायत रुपईडीहा में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत प्रथम किस्त से 10 से 15 हजार की धनराशि लाभार्थियों से बहला फुसलाकर कुछ लोगो व सभासदों द्वारा वसूला गया। नबी अहमद ने बताया कि 4 दिसंबर 2023 में जिलाधिकारी बहराइच को इस संबंध में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराई गई। जांच के दौरान कई लाभार्थियों ने धन वसूली का आरोप कुछ व्यक्तियों और सभासद पर लगाया। आरोपित व्यक्तियों पर अभी तक किसी भी प्रकार की विधिक कार्रवाई नहीं हुई। जिससे आरोपी पुनः नगर पंचायत में बढ़-चढ़कर धन वसूली करने में जुट गए हैं। जांच के प्रभाव से डूडा के कर्मचारियों का नगर पंचायत में आना बंद हो गया है। जिससे लाभार्थियों को कोई भी मदद नहीं मिल पा रही है। डूडा के कर्मचारियों ने दूसरी किस्त में होने वाली जियो टैग की कार्रवाई भी रोक दी है। जिससे लाभार्थियों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि इस ठिठुरन भरी सर्दी में गरीब मजबूर लाभार्थियों ने अपना आवास बनाने के लिए जो कुछ पहले से बना था उसे भी गिरवा कर खुले मैदान में रहने को मजबूर है भ्रष्टाचार के कारण उनका दूसरा किस्त नही आ रहा है जिससे उनका आगे का कार्य रुका हुआ है। इसलिए इसकी जांच की जाए और पहले के जांच में आरोपी पाए गए लोगो पर विधिक कानूनी कार्रवाई करके आवास के लाभार्थियों को हो रही वर्तमान में समस्याओं का निस्तारण किया जाए।

# नसबंदी लाभार्थियों को वितरित हुआ कम्बल

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य चरदा पर वीते गुरुवार नसबंदी कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र अधीक्षक डॉ आरएन वर्मा द्वारा नसबन्दी कराने वाले 19 लाभार्थियों कों प्रोत्साहन स्वरूप कम्बल बितरण किया गया।जिसमें निम्न रूप से डॉ मंतदेव निगम सर्जन, डॉ महेश विश्वकर्मा,हरीराम आर्य स्वास्थ्य पर्यवेक्षक,साउथ अहमद खान फार्मासिस्ट,विनोद तिवारी आदि अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिन में शीतलहरी तो रात में ठिठुरन बनी जानलेवा

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। क्षेत्र में लगातार ठंड का कहर जारी है। लोग कांपने को विवश हैं। मौसम अब भी लोगों को ठिठुरने को विवश कर रहा है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूरज के दर्शन नहीं हो रहे हैं। बादल रहने से कनकनी काफी बढ़ी हुई है। छोटे बच्चों का और भी बुरा हाल है।

तापमान लगातार नीचे जा रहा है। ग्रामीण इलाकों का और भी बुरा हाल है। मजदूर, सड़क पर दुकान लगाने वालों के लिए यह सर्दी परेशानी खड़ी कर रही है। सर्दी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। दिन में शीतलहरी तो रात में कनकनाहट के कारण परेशानी बढ़ी हुई है। शहर से लेकर गामीण इलाकों में समान रूप से ठंड का प्रभाव है। घर से बिना गर्म कपड़ों के निकलना जैसे ठंड को चुनौती देने के समान हो गया है। लोग इनर, स्वेटर, जैकेट, टोपी, मफलर के बिना घर से निकल ही नहीं पा रहे। अलाव के आसपास सिमटे लोग सर्दी से बचने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। शहर के सभी स्थानों में अलाव भी लोगों को नसीब नहीं हो पा रहा है। ठंड के कारण छोटे बच्चों, बीमार हो रहे है। आने वाले दिनों में ठंड में और भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। ठंड के कारण किसानों की चिता बढ़ी हुई है। किसानों को भय सता रहा है कि यदि पाला मारने का खतरा बढ़ा तो फसलों का क्या हाल होगा।

# ठंड में गरीबों के मसीहा बने तहसीलदार कैसरगंज

देर रात निकाल कर गरीबों को किया कंबल वितरित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज में तैनात तहसीलदार अजय कुमार यादव देर रात को निकाल कर गरीबों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया साथ ही साथ रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया। तहसीलदार अजय कुमार यादव ने बताया कि कोई भी गरीब व्यक्ति ठंड की वजह से मजबूर ना हो, इसके लिए उन्हें कभी भी तहसील जाकर कंबल लेकर आएं और ठंड से अपना बचाव करें। तहसीलदार ने सभी लेखपालों को सख्त हिदायत दिया है कि सभी राजस्व निरीक्षक लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करें। किसी भी गरीब परेशान व्यक्ति को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार कैसरगंज ने बस स्टॉप पर स्थित रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया। रैन बसेरे में सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए।

# परोपकार से मनुष्य की जीवन मे सुख की अनुभूत प्राप्त होती है

हिंयुवा ने असहाय व निराश्रित 500 लोगों को वितरण किया कंबल

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। फखरपुर क्षेत्र के चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज परिसर में हिंदू युवा वाहिनी की ओर से खिचड़ी भोज व कंबल वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप मे एसडीएम पंकज दिक्षित व विशिष्ट अतिथि जिला संघ चालक कृष्णानंद शुक्ल रहे। सामूहिक खिचड़ी भोज के बाद लगभग पांच सौ गरीबों व निराश्रितों को कंबल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संघ चालक कृष्णानंद ने कहा कि संगठन का प्रमुख उद्देश्य गरीबों व वंचितों की मदद करना है। समरसता भोज से भेदभाव खत्म होते है। जब धरती पर समाज विकसित नही हुआ था तब भी सनातन धर्म था प्राकृतिक समाज का कल्याण करता है। एसडीएम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता का संदेश देता है क्षेत्राधिकारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह कार्यक्रम गरीबों को संबल प्रदान करता है। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यक्रम सामाजिक एकता अखंडता का संदेश देते हैं ऐसे कार्यक्रम होना चाहिए। प्रधानाचार्य वृजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि मनुष्य वही है जो दूसरे के लिए काम आवे तथा उनकी भलाई करें परोपकार वह गुण है जिससे मनुष्य के जीवन में सुख की अनुभूत प्राप्त होती है। सक्षम अन्य लोकगीत नाग कार्य को करें तो समाजवाद देश सुखी हाल बने। कार्यकर्म का संचालन अभयराज सिंह ने किया इस अवसर पर स्थानीय पत्रकार अशर्फी पाठक रमानन्द मिश्र,सईद अबुश हमा को सम्मानित किया गया। इंद्रबहादुर सिंह,सुभाष दीक्षित, मुकेश पाठक,प्रधानाचार्य वृजेन्द्र शर्मा,राजमणि त्रिपाठी,धर्मेन्द्र शुक्ल, संजय गुप्ता,कमलेश वर्मा,राहुल गौड़ महेस सिंह,आदि मौजूद रहे।

## बांसी नवलसा गौड़ मेले में उमड़ा जन सैलाब

ललितपुर /मकर संक्रांति के अवसर पर परंपरागत रूप से लगने वाले बांसी के नवलसा गौड़ बाबा मेले में आए दिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है जिससे मेले लगी दुकानों से ग्राहकों द्वारा जमकर खरीददारी हो रही है जिससे दुकानदारों के चेहरे परखुशी भरी मुस्कान दिखने लगी मेले में आकर्षण का केंद्र बने मिकीमाउस, बच्चों को खूब भा रहे है झूला साथ ही जंपिंग झूला मेले में कॉस्मेटिक सहित रोजमर्रा के सामान तथा खेल खिलौने उपलब्ध है, यूं तो मेले हर जगह लगते हैं लेकिन ए बुंदेलखंड का एक मात्र श्री नवलसा गौड़ बाबा का एक ऐसा मेला है जो कि मिट्टी के बर्तनों तथा गुड़ के लिए ख्याति प्राप्त है यहां पर यूपी एमपी राजस्थान सहित विभिन्न जगह से गुण आता है जिससे मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न प्रकार के मिष्ठान बनाए जाते हैं, मेले में खाने पीने के व्यंजनों के अलावा लोहे के बर्तन काठ से बने हुए सुंदर कलात्मक खिलौने व सामान की खरीददारी हो रही है मेले में मेला कमैटी व किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो पाए इसलिए पुलिस फोर्स भी तैनात हैं , दूर-दराज गांव से आ रहे श्रद्धालु जो कि मकर संक्रांति के अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज व नवलसा गौड़ बाबा के दरवार में मत्थाटेक कर के अपने भजनों के माध्यम गायन कर रहे हैं

# शकुंतला मेमोरियल इंस्टिट्यूट में आयोजित हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच के शकुंतला मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के बीएड विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती बड़े हर्ष उल्लाष के साथ मनाई गई ।कालेज के प्रधानाचार्य डॉ संजय चौधरी ने दीप प्रज्वल्लित व चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।बीएड विभाग अध्यक्ष आर डी चातक ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके विचारों को अपनी जीवन शैली में ग्रहण करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन छात्रा रागनी यादव ने किया। कार्यक्रम में नम्रता कश्यप व अंजलि ने सरस्वती वंदना व स्वगीत से कार्यक्रम में

जान भर दी। शिक्षिका रेखा सिंह ने कहा की प्रत्येक राष्ट्र के युवा जमीन से जुड़े, प्रेरित और जीवन में केंद्रित रहें और राष्ट्र की प्रगति की दिशा में काम करें। बीएड छात्र फैजान अहमद ने कहा की उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए स्वामी विवेकानंद का ये संदेश आज भी युवाओं को आगे बढ़ने और कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचार और आदर्श युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं इसलिए हर साल स्वामी विवेकानंद की जयंती यानी 12 जनवरी के दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस मौके पर शिक्षक सत्यप्रकाश जयसवाल, निर्भय सिंह, अरविन्द वर्मा आदि सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

# स्वामी विवेका नन्द ने भारतीय संस्कृति सनातन धर्म के ध्वज को 7 समंदर पार शिकागो की धर्म संसद में लहराया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के अवसर पर नर सेवा - नारायण सेवा व हिन्दू जागरण मंच द्वारा कार्यालय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें स्वामी विवेकानंद को कार्यकताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई व प्रमुख वक्ताओं द्वारा उनके जीवन व विचारों पर चर्चा की गई व युवाओं को उनसे प्रेरित होकर देश धर्म के लिए कार्य करने का आवाहन किया गया। नर सेवा - नारायण सेवा व हिन्दू जागरण मंच संस्थापक विमल द्विवेदी ने कहा स्वामी विवेकानंद भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रतिबिंब हैं ,भारत जब गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था तब उन्होंने भारतीय संस्कृति सनातन धर्म के ध्वज को 7 समंदर पार शिकागो की धर्म संसद में 1893 में लहराया था साथ ही भारत भ्रमण कर युवाओं में आत्मविश्वास भरने व गुलामी की जंजीरे तोड़ने का आवाहन किया था।विमल द्विवेदी ने मीडिया से बातचीत में कहा हमें आज विवेकानंद जी से प्रेरित होने व उनके ओजस्वी विचारों पर चलने की आवश्यकता है तभी भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से प्रभू श्रीराम जी की अयोध्या वापसी पर आगामी 22जनवरी को जनपद के सभी मंदिरो में स्वच्छता अभियान व दीपोत्सव व धार्मिक आयोजन करने का आग्रह किया साथ आमजनमानस से भी अपने अपने घरो व आसपास केमंदिरो में श्रीराम ज्योति जलाकर घरो व मंदिरो को रोशन करने की अपील की क इस अवसर पर मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, वीरांगना प्रमुख नीतू सिंह सेंगर ,जिला सह संयोजक विष्णु गुप्ता, नगर संयोजक विकास सिंह सेंगर, धर्मेन्द शुक्ला, राघवेंद्र पांडेय,अखिल मिश्रा, मनीष अवस्थी , अंशू शुक्ल ,कमलेश बाजपेई ,योगेंद्र तिवारी ,शिवम वर्मा ,बैभव शुक्ल ,अनिल सोनी ,राज वर्मा ,मुकेश दीक्षित ,केतन अवस्थी, अमन तिवारी सहित आधा सैकड़ा पदाधिकारियो ने पुष्प अर्पित कर स्वामी विवेकानंद को नमन किया

# अधिवक्ता ने अपने चेंबर में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कचेहरी कम्पाउन्ड में अधिवक्ता ज्योत्सना गोयल पूर्व संयुक्त मंत्री प्रशासन व आगामी होने वाले उन्नाव बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी ने अपने चैंबर में आज बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ स्वामी विवेकानंद जयंती केक काट कर अपने सीनियर व जूनियर अधिवक्ता भाई,,बहनो के साथ और अपने युवा समाज सेवी टीम के साथ मनाया गया जिसमें सीनियर अधिवक्ता राम कुमार गोयल,,विनय मोहन एंड. ,संयय सिंह, अमित यादव,,अमृता बाजपेई,,नीतू सिंह, ज्योति प्रभा,,खुशबू वर्मा,राजन वर्मा, संतोष पाल, संतोष कुमार मिश्रा,,धीरज एंड.आलोक वर्मा मनीष रावत, रवीन्द्र प्रताप रावत, प्रमोद कुमार अन्य बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाने के अंतर्गत चोरों ने कोहरा व जाड़े का फायदा उठाते हुए दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चुरा ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत पत्र पुलिस को दिया थाना बारासगवर क्षेत्र के करमी गाँव निवासी अमित कुमार पुत्र धून प्रसाद ने थाना पुलिस को शिकायतपत्र देते हुए बताया कि मेरा ट्रेक्टर घर के दरवाजे पर रोज की तरह खड़ा था। ठंड अधिक होने के कारण हम लोग घर के अंदर सो गए। शुबह उठ कर देखा तो ट्रैक्टर की बैटरी गायब थी। हमारे पास दो और ट्रैक्टर और तमाम कृषि यंत्र दरवाजे पर खड़े रहते है अधिक जाड़ा व कुहरा होने के कारण हम लोग अंदर लेटे थे। थाना बारासगवर प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति ने बताया तहरीर मिली है ,जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# भारत विकसित संकल्प यात्रा पेड़वा गांव में आयोजित की गई

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विधानसभा कैसरगंज में भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पेड़वा विकासखंड जरवल में चौपाल लगाई गई। जिसमें सरकारी योजनाओं के बारे में ग्राम वासियों को बताया गया तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। मुख्य अतिथि के तौर विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में ग्राम वासियों को बताया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी जरवल सत्य प्रकाश पांडे, विधानसभा मीडिया प्रभारी नीरज श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष गंडारा शशि भूषण सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम वर्मा,दिनेश तिवारी, ग्राम प्रधान अशफीलाल यादव, प्रधान कपूरपुर बालजी श्रीवास्तव, प्रधान महुंरीकला मयंकर वर्मा, पंचायत सचिव मांडवी वर्मा,विजय नरायन वर्मा, सोनू वर्मा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे। इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास एवं स्वच्छता अभियान के प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया।

# चोरी की योजना बनाते हुए तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा चोरी की घटनाओ के रोकथाम व चोरी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व सीओ नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामगोविन्द वर्मा द्वारा पुलिस बल के कर्मचारीगण के द्वारा बीते शुक्रवार को समय 01.30 बजे रात्रि मे

मुखबिर की सूचना पर बाबागंज रेलवे स्टेशन के पास के पास से चोरी की योजना बनाते हुए तीन अभियुक्तों साजन पुत्र मो0 याकूब उम्र करीब 28 वर्ष निवासी लहरपुरवा, हलीम पुत्र सलीम उम्र करीब उम्र करीब 26 वर्ष निवासी निवासी लहरपुरवा, अख्तर अली कुरैशी पुत्र गुलाम वारिश कुरैशी उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड न0 02 घरवारी टोला धम्बौजी नेपाल को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास एक छुरा, एक टार्च तथा एक लोहे की राड बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आयुध अधिनियम सहित सुसंगत धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया।

# पैदल उमड़ा आस्था का सैलाब, ब्लाक प्रमुख ने किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पूजन अर्चन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ का विशेश्वरगंज बस स्टाप पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पाण्डेय व विधायक प्रतिनिधि पयागपुर निशंक त्रिपाठी ने भव्य स्वागत किया ।ज्ञातव्य हो कि 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोगों से अयोध्या न पहुंचकर अपने अपने घरों में बैठकर दीपक जलाने व पूजन अर्चन करने का आवाहन गया है। अतः 22जनवरी से पहले ही पूजन अर्चन करने हेतु भारी संख्या में श्रद्धालु पंकज शुक्ल, अंकित तिवारी, अंकित शुक्ल, प्रकाश बाबा मंदिर पयागपुर से अयोध्या के लिए पैदल रवाना हुए है ।रास्ते में जगह जगह उनका स्वागत सम्मान किया जा रहा है। स्वागत समारोह में मंडल अध्यक्ष भाजपा राज कुमार शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा आनंद पांडेय सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षेप

## जालौन में बदला मौसम का मिजाज

बारिश के साथ गिरे ओले, पारा लुढ़कने से बढ़ी गलन, सर्दी से दिन भर लोग ठिठुरते नजर आए

जालौन, जालौन में बीत दो दिन की धूप के बाद मंगलवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। जिले में बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। फलस्वरूप पारा नीचे लुढ़क गया और गलन भरी सर्दी से दिन भर लोग ठिठुरते रहे। कई दिन कोहरे की चादर ओढ़ने के बाद रविवार और सोमवार को धूप निकलने से लोगों को गलन भरी सर्दी से राहत मिली थी। लोगों को लगा था कि अब सर्दी में कुछ कमी होगी जिससे उनके दैनिक कामकाज में दिकक्त नहीं आएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मंगलवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह 7 बजे ही अचानक अंधेरा सा छा गया। इसके बाद आसमान पर बादल घिर आए और बारिश होने लगी। दो-ढाई घंटे तक बारिश का यह क्रम न केवल शहर बल्कि पूरे जिले में चला। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में ओले भी गिरे। कोंच के साथ ही कदौरा क्षेत्र के निस्वापुर, बगिया, मुहारी, गुलौली व हवेली आदि ग्रामों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। हालांकि गनीमत यह रही कि ओलों का आकार ज्यादा बड़ा नहीं था और छर्री जैसे ओले गिरे, जिससे ज्यादा नुकसान की सूचना फिलहाल अभी तक नहीं मिली है। हालांकि कदौरा क्षेत्र के कुछ गांवों में जरूर फसल को नुकसान पहुंचा है। वैसे बारिश का क्रम जिले में रुक-रुक कर जारी है। जिसकी वजह से सर्दी भी बढ़ गई। तापमान भी 18 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवा चलने की वजह से गलन भी बढ़ गई। फलस्वरूप लोगों को दिन भर अलाव का सहारा लेना पड़ा।

## मेरठ में अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

27 अपराधियों को किया गया जिला बदर

मेरठ, मेरठ प्रशासन की तरफ से अपराधों में लिप्त अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। बुधवार को एडीएम प्रशासन ने 27 अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। जिला बदर अपराधियों में देहात क्षेत्र से अपराधों में लिफ्ट 27 अपराधियों पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश के बाद शहर से लेकर देहात तक अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने 27 अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई कर दी। जिला बदर की कार्रवाई का आदेश जारी होने के बाद अपराधियों में हड़कंप मच गया। एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि अपराधी रह घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। उन्हें जिले से बाहर करने का आदेश दिया गया है। अगर आदेश जारी होने के बाद भी अपराधी जिले को नहीं छोड़ते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीएम प्रशासन ने बताया कि देहात क्षेत्र से विभिन्न अपराधों में लिप्त 27 अपराधियों को जिला बदर किया गया है।

# विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 16 जनवरी से 17 फरवरी 2024 तक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ द्वारा जनपद के विकासखण्डों में संचालित कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एंव जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनान्तर्गत प्रशिक्षित अधिक से अधिक युवाओं को आजीविका/रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत रोजगार मेले का आयोजन कराए जाने की निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेला दिनांक 16 जनवरी को विकासखंड बाजार शुकुल के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र में, 18 जनवरी को विकासखंड जगदीशपुर के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र में, 20 जनवरी को विकासखंड मुसाफिरखाना के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र में, 23 जनवरी को विकासखंड सिंहपुर के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन शिक्षण केन्द्र में, 27 जनवरी को विकासखंड बहादुरपुर के उत्तर प्रदेश कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में, 30 जनवरी को विकासखंड तिलोई के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिलोई में, 01 फरवरी को विकासखंड संग्रामपुर परिसर में, 3 फरवरी को विकासखंड भादर परिसर में, 6 फरवरी को विकासखंड भेटुआ के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र में, 8 फरवरी को विकासखंड अमेठी की राजकीय बालिका पॉलिटेक्निक कॉलेज में, 13 फरवरी को विकासखंड जामों के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र अचलपुर में, 15 फरवरी को विकासखंड शाहगढ़ के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र में तथा 17 फरवरी 2024 को विकासखंड गौरीगंज के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में आयोजित किए जाएंगे।

# भाजपा सरकार में पात्रों को योजनाओं का मिल रहा लाभ - डॉ आरडी

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक के गोरेडीह और गनौरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भाजपा सरकार में पात्र लोगो के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। जिसका लाभ पात्र व्यक्ति मिल रहा है ।योजनाओं में किसानो को सम्मान निधि, किसान बीमा, महिलाओ को निःशुल्क उज्ज्वला गैस सिलेंडर, पीएम और सीएम आवास, स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान कार्ड, सहित अनेक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। इसके अलावा वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन, सहित अनेक योजनाएं संचालित है। उक्त बातें भाजपा जिला महामंत्री डा आरडी सिंह ने सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत गोरेडीह और गनौरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रधान गिरजेश यादव व मुनिराज तथा संचालन राम मणि उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई भी किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री राम उजागिर शुक्ल, एडीओ पंचायत अभय कुमार, ग्राम सचिव शिल्पी यादव, महपती सिंह राम भोले, छोटू यादव, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# महानिदेशक अग्निशमन ने उद्यमियों के साथ किया बैठक सुनी समस्या

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा अभिनाश चंद के नेतृत्व में शुक्रवार को उद्योग भवन पर उद्यमियो के साथ बैठक कर फायर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दिया। बैठक के उन्होंने बताया की प्रदेश में सभी तहसीलों में फायर स्टेशन खोलने की शुरूवात हो गई है और कुछ ही तहसील बचे है। जहां तेजी से कार्य होगे। इसके साथ ही पिछले वर्ष हुए अग्नि की घटनाओं की भी चर्चा किया। आईजीएल के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क ने गीडा स्थित इकाइयों के अनापत्ति प्रमाणपत्र के संबंध में आने वाली समस्यायों के संबंध में बात रखी इसके साथ ही उन्होंने फायर स्टेशन के पानी की उपलब्धता के लिए निवेदन किया। चेंबर के अध्यक्ष आर एन सिंह एवं महासचिव प्रवीण मोदी ने बुके देकर स्वागत किया और चेंबर आफ गारमेंट्स इंडस्ट्री के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने भी अपनी बात रखी और अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने डीजी फायर को प्रभु श्री राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट किया ।और एसीईओ गीडा डॉ आर डी पांडे को बुके देकर स्वागत किया।

# लाभार्थी छात्र छात्राओं के घर तक पहुंचाया गया स्मार्टफोन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सर्वोदय किसान पीजी कॉलेज कौड़ीराम गोरखपुर एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत स्नातक तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा दिया जा रहा है महाविद्यालय द्वारा दिनांक 24 दिसंबर 2023 को शासन द्वारा प्राप्त स्मार्टफोन वितरित किया गया जिसमें एक बच्ची गंभीर रूप से अस्वस्थ होने के कारण मोबाइल लेने महाविद्यालय नहीं आ सकी । 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकृपाल राय के कुशल निर्देशन में नोडल अधिकारी आनंद प्रकाश एवं भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार पाठक के द्वारा महाविद्यालय से 3 किलोमीटर दूर माहोपार, पाण्डेयपार में लाभार्थी के घर पर स्मार्टफोन पहुंचाया गया, लाभार्थी स्मार्टफोन पाकर प्रशन्न हुई।

## बेसुध अवस्था में घायल मिला बुजुर्ग

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम चडराव पोखरे के पास शुक्रवार की सुबह बेसुध अवस्था में घायल बुजुर्ग मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार में भर्ती करवाया, जहां से डाक्टर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया है। काफी मशक्कत के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी बुजुर्ग के शरीर पर मटमैले सफेद रंग का कुर्ता व पाजामा था ।सिर में दो जगह चोट के निशान थे ।मुख से खून निकलना हुआ था। बेहोशी की अवस्था में पहचान करना मुश्किल था। क्योंकि उसकी पाकेट में किसी तरह का कोई पहचान पत्र जैसे कागजात नहीं थे ।पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया, परंतु अपराह्न दो बजे तक कोई कामयाबी हाथ नहीं लगी।

# एसबीआई द्वारा जरूरतमंदो को ठंड से बचाने का प्रयास सराहनीय - चेयरमैन

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संजू सिंह ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा जरूरतमंदो को ठंड से बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। वही सरकार ने जिम्मेदारो को भी निर्देश रखे है कि हरहाल में लोगो को ठंड से बचाया जाय। भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा द्वारा लोगो को ठंड से बचाने का जो प्रयास किया गया है। वह सराहनीय कदम है। उक्त बातें चेयरमैन सहजनवां संजू सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा के तत्वाधान में आयोजित जरूरतमंदो में कम्बल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोगो को संबोधित करते हुए कही। शाखा प्रबंधक एम0ए अंसारी ने कहा की भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा द्वारा लोगो को ठंड से बचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। ऐसे आयोजन आगे भी होते रहेंगे।इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, परिचालक मेमोरीलता, विनय कुमार सिंह, तौफीक अंसारी, प्रेमचंद, सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में अनेक लोगों को योजनाओं का मिला लाभ, पूर्व विधायक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। विकसित भारत विकास संकल्प यात्रा का विकास खंड जामों अंतर्गत ग्राम लोरिकपुर एवं विकास खंड मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवादा में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ ही अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर बिजली विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व, शिक्षा विभाग, श्रम, बैंक, खाद्य, सहकारिता, जनजाति, जन अभियान परिषद, कृषि विभाग के शासकीय कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोजगार सहायक, भाजपा नेता अनुराग तिवारी विद्यमान सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के नौ शिक्षकों का हुआ पारम्परिक स्थानांतरण

## विदाई समय बच्चों संग शिक्षकों ने किया अश्रुपात

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र में अलग-अलग पांच विद्यालयों के शिक्षकों का पारंपरिक स्थानांतरण किया गया सभी विद्यालयों में विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दपसौरा के चार सहायक अध्यापक वैभव सिंह संदीप सिंह मनीष कुमार अवधेश सिंह प्राथमिक विद्यालय नरेचा के सहायक अध्यापक अनुपम सिंह कंपोजिट विद्यालय पंथू सिंह का पुरवा के सहायक अध्यापक सौरभ वर्मा प्राथमिक विद्यालय टरुआपुर के सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार विमल कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग के सहायक अध्यापक अमित कुमार तथा विवेक कुमार मिश्रा की विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई की कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग में उपस्थित प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्ता अंबा प्रसाद विशिष्ट बीटीसी जिला अध्यक्ष शिक्षक डॉ प्रशांत पाण्डेय सौरव सचान सुनीता देवी नीतू देवी कल्पना देवी समेत सभी शिक्षक गणों ने शिक्षक विवेक कुमार मिश्रा को पुष्प गुच्छ माल्यार्पण स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र से सम्मानित किया की विद्यालय के सभी शिक्षकों समेत बच्चों ने भी अपने गुरु को स्मृति हेतु उपहार देकर सम्मानित किया विद्यालय से विदाई समारोह के दौरान जाते हुए शिक्षक को देख सभी शिक्षकों की आंखें नम हो उठी वही बच्चों के सब्र का बांध टूट गया और सभी बच्चे अपने गुरु शिक्षक विवेक कुमार मिश्रा से लिपटकर रोने लगे बच्चों की हालत देख विद्यालय से विदा हो रहे हैं शिक्षक विवेक कुमार मिश्रा भी भावुक हो उठे वही विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी समेत विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को नेकी की राह में चलने की सीख देते हुए विद्यालय से विदा हुऐ विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ-साथ कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग में शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कापिल की प्रधानाध्यापिका प्रतिभा देवी समेत विद्यालय की सभी रसोइया एवं अन्य शिक्षक वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे

### विदाई समय फफक कर रो पड़े बच्चे

कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग के शिक्षक विवेक कुमार मिश्रा के पारंपरिक स्थानांतरण की सूचना पाकर अवकाश के बाद भी बच्चों के सब्र का बांध टूट गया सभी बच्चे विद्यालय पहुंचे वहीं विदाई समारोह में पुष्प वर्षा के साथ बच्चों ने अपने गुरु की विदाई

# बुलंदशहर में बिजली विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

- अवैध कटिया मार और अवैध कनेक्शन धारी पर हुई कार्रवाई, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

खुर्जा, बुलंदशहर के शिकारपुर में तड़के विद्युत चेकिंग अभियान चलने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। विद्युत विभाग ने नगर की अधिकांश गलियों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नगर की गलियों में काफी संख्या में अवैध कटिया मार और अवैध कनेक्शन धारी पकड़े गए। इसके अतिरिक्त जो लोग कनेक्शन धारी हैं उनके यहां मीटर नहीं लगा है और बिजली बिल भी बकाया है। इस सिलसिले में विद्युत विभाग के एसडीओ राम आशीष कुमार यादव, जेई कमलेश कुमार अपनी टीम के साथ नगर में निकले। छापेमारी करने नगर की गलियों में विद्युत विभाग की टीम को देख अधिकांश ने मकान के दरवाजे बन्द कर लिए। गलियों में खुल रही दुकानों के भी कनेक्शन चेक किए गए। कुछ दुकानदार विद्युत विभाग के एसडीओ, जेई को देख कर दुकान के शटर गिरा कर भाग निकले। विद्युत विभाग की टीम ने नगर की गलियों में लगभग कई दर्जनों के यहां सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए लगभग आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के कनेक्शन काटते हुए मुकदमा कराया। इसके अलावा विद्युत विभाग के एसडीओ रामशीष कुमार यादव, जेई कमलेश कुमार ने विद्युत विभाग के कर्मियों के काम में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी फटकार भी लगाई। इस अभियान में विद्युत विभाग के वीर बहादुर सिंह, जुदेन्द्र सिंह, जिशान, संजू कुमार, प्रदीप सिंह, रविन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, सुमित कुमार, राकेश, के साथ समस्त विद्युत विभाग के लोग मौजूद रहे।

# मेरठ में घर से बुलाकर कारोबारी को मारी गोली

बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात, सीने में फायर झोंककर हो गए फरार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में नकाबपोश दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने घर में बैठे कपड़ा कारोबारी को बुलाकर गोली मार दी। गोली लगने से कपड़ा कारोबारी घटनास्थल पर ही गिर गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल कपड़ा कारोबारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने हालत को गंभीर देखते हुए एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हमलावर मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। पुलिस ने डीवीआर को कब्जे में ले लिया है। बदमाशों की तलाश में जुट गई है। रशीदनगर स्थित जोगियों वाली गली निवासी दानिश पुत्र खालिद कपड़े का कारोबार करते हैं। दानिश की लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित लिसाड़ी रोड पर कपड़े की दुकान है। मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे दानिश अपने घर के आंगन में अंगीठी के पास बैठे हुए थसे। तभी बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश दानिश के घर पर पहुंचे और दानिश को आवाज देकर बाहर बुलाया। आवाज सुनकर दानिश अपने गेट पर पहुंचे

# पशु आरोग्य मेले में सम्मानित हुए गौपालक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले में पशुओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मवई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया ग्राम प्रधान अनुज सिंह उर्फ धीरू के नेतृत्व में आयोजित मेले अंतर्गत पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल सचान डॉक्टर भानु प्रताप समेत सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नागरिकों ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन करते हुए माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों ने मिलकर गांव आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया वही ग्राम प्रधान ने स्वयं गांव के पशुपालक एवं गौपालकों को सम्मानित किया मेले अंतर्गत पहुंचे चिकित्सकों ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए कृमि नाशक दवा खिलाई वही ग्रामीणों को पशुओं में होने वाले मुंह पका खुर पका समेत अनेक बीमारियों से बचाव के उपाय बताएं इस मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ जगदीश पांडे गोपेश कुमार शैलेंद्र यादव रमेश वर्मा धर्मेंद्र कमलेश मौजीलाल शिवचरण सुरेंद्र विनोद अवस्थी पंथूपाल राजेश सूबेदार सागर सिंह सुरेश शिवनारायण लाल बहादुर रामखेलावन समेत भारी संख्या में पशुपालक एवं ग्रामीण मौजूद रहे

## संक्षेप

### कोहरे के साथ भीषण गलन से जनजीवन अस्त व्यस्त

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। कोहरे के साथ गलन भरी ठंड से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। दोपहर बाद धूप निकलने पर लोगों ने राहत जरूर महसूस की लेकिन गलन से छुटकारा नहीं मिला। शुक्रवार को कोहरे की एक बार फिर जोरदार दस्तक हुई। भोर होने के बाद घना कोहरा होने के कारण वाहनों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। भीषण कोहरा होने के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे। सबसे ज्यादा आफत पशु पक्षियों की रही। कोहरे के साथ भीषण गलन से सभी ठिठुरते नजर आए। दोपहर में 1.30 बजे के बाद धीरे-धीरे धूप खिलनी शुरू हुई तब कहीं जाकर लोगों ने राहत महसूस की। लेकिन धूप के बाद भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली।

### रफ्तार का कहर पिकअप असंतुलित होकर पलटी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कोहरे के साथ रफ्तार नेशनल हाईवे में कहर ढाए है। अभी अज्ञात ट्रक की चपेट में आए तीन युवकों की मौत के बाद रहस्यमय तरीके से गायब हुई मृतकों की बाइक तलाशने में पस्त दिखाई दे रही पुलिस रफ्तार पर भी लगाम लगाने में नाकाम दिखाई दे रही है। जिसका ताजा उदाहरण आज सुबह हुई एक और घटना के रूप में देखने को मिला। मामला कोतवाली मौदहा अंतर्गत एन एच 34 स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास का है। अखबार लदी पिकअप कानपुर से महोबा की ओर जा रही थी। जैसे ही पिकअप रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने पिकअप को ओवरटेक करते हुए अत्यधिक रफ्तार के साथ कट मार दिया। जिससे पिकअप असंतुलित होकर पलट गई और ट्रक चालक मय ट्रक के मौके से फरार हो गया। हालांकि घटना के बाद पिकप चालक कसीम सहित अन्य सवार सुरक्षित बताये गये है।

# युवा दिवस के रुप में मनाई गई स्वामी विवेकानन्द की जयंती

**युवा उद्यमिता प्रोत्साहन रैली के अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच एवम स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी जीवन परिचय पर प्रकाश डाला**

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानन्द की जन्म जयंती जिला मुख्यालय राजपूत कालोनी स्थत सेंट्रल पब्लिक स्कूल अयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाई सुदीप खरे एवम मंचासिन अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर भारत माता और स्वामी विवेकानन्द जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित की मंच संचालन कर विद्यालय परिवार की ओर से सभी का स्वागत किया गया तत पश्चात कार्य क्रम को आगे बढ़ाया गया और स्वदेशी जागरण मंच मुख्य अतिथि सुदीप खरे संघर्ष वाहिनी प्रमुख ने सभी को मंच के माध्यम से स्वदेशी जागरण मंच तथा स्वावलंबी भारत अभियान का महत्व बताते हुए कहा गया कि स्वदेशी जागरण मंच ऐसी संस्था है, जो हमारे समाज के लोगों को भारत में बनी हुई वस्तुओं का उपयोग करने के लिए जागरूक करने का काम करती है तथा स्वावलंबी भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं द्वारा रोजगार के नए अवसर प्रदान करना तथा रोजगार लेने वाला ना बनकर रोजगार देने वाला होना चाहिऐ

विशिष्ट अतिथि भाई हाकिम सिंह जी जिला समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद जी सभी युवाओं की प्रेरणा होना चाहिऐ जिन्होंने मात्रा 39 वर्ष की आयु में पूरे विश्व में भारत का लोहा मनवाया था कार्यक्रम में उपस्थित वशिष्ठ अतिथि बहिन रुचिका बुंदेला जी महिला समन्यवक स्वावलंबी भारत अभियान ने बच्चो को बताया कि हमे हमेशा अपनी संस्कृति से प्रेम करना चाहिए और हमेशा अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए। और इसकी शुरूवात प्रत्येक व्यक्ति को सर्वप्रथम अपने घर से करनी होगी इसके साथ स्कूल के प्रबंधक डी. एस. विवेक जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन से सीख लेने को कहा की हमें विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है इसी के साथ अन्य वक्ताओं ने भी स्वामी विवेकानन्द जी के बारे में जानकारी दी इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाई सुदीप खरे जी स्वदेशी जागरण मंच , संघर्ष वाहिनी प्रमुख कानपुर प्रांत पदाधिकारी इंजीनियर हाकिम सिंह लोधी, जिला समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान बहिन रुचिका बुंदेला,के.के. पाठक महामंत्री संस्कार भारती , धरम सिंह कुशवाहा जिला अध्यक्ष सहकार भारती हरपाल सिंह चंदेल प्रदेश कार्य समिति सदस्य सहकार भारती सुनीता पंथ ,नयन ( अइशढ), सुरेंद्र पस्तोर जिला संपर्क सहकार भारती प्रिंस पाल ,गुलशन,जगदीश राजपूत, स्कूल प्रिंसिपल नेहा शर्मा, वाइस प्रिंसिपल रुचि श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर फरजाना, श्वेता पुरोहित, व टीचर्स में शालिनी गिरी, उषा राजपूत ,प्रियंका श्रीवास्तव, हाजरा, ज्योति तोमर, दीक्षा जैन, संगीता, दीक्षा श्रीवास्तव, शिवानी राय, पूनम यादव, बबली पांडे, उन्नति त्रिपाठी, मिनी राजपूत, माधुरी राजपूत, दीपाली झा, पूजा अहिरवार, हर्षना पाठक, नेहा जैन, भारती दीक्षित, मेघा मिश्रा, अनुपम कुमार, रोहित तिवारी,आलोक कुमार, विजय कुमार, सुनील कुमार, कुमार शशांक, संजीव जैन, फिरोज खान, वृकभान सिंह, प्रभात श्रीवास्तव, महिपाल सिंह बुंदेला, अवध किशोर चौबे, सूर्य प्रताप सिंह, दशरथ कुशवाहा, हरनाम, सुमित्रा, मंजू, गीता, अंजू, सावित्री, रेखा, सविता,ममता प्रजापति, बलवीर सिंह, संदीप तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रबंधक डी. एस.विवेक जी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन रोहित तिवारी ने किया।

# तीन सप्ताह पूर्व लापता बच्ची का सिर व हाथ मिलने से मचा हडकंप

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। तीन सप्ताह पूर्व क्षेत्र के पढोरी से गायब हुई मासूम बच्ची का सिर व हाथ मिलने से हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने सर की पहचान कर गायब बच्ची का अंदेशा जताया है। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर गौतम ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल शुरू की है। लापता बच्ची के सिर को देखकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बच्ची का सिर व हाथ मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। चर्चा है कि बच्ची के सिर को कुत्तो द्वारा निवाला बनाया गया है। साथ ही 48 से 72 घंटे के बीच घटना को अंजाम देने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के पढोहरी गांव मे हुये इस मामले पर पुलिस जांच पडताल मे जुटी हुई है।

# महाविद्यालय मे आयोजित हुई गोष्ठी चला स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। जाग उठो और अपने लक्ष्य की ओर चल पड़ो का नारा देने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली में धूमधाम के साथ मनाई गयी। एनएसएस द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

मुस्करा विकासखंड क्षेत्र के गहरौली गांव में संचालित स्व. श्री पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. लोकेन्द्र नाथ पांडेय ने स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद छात्राओ ने कार्यक्रम में आये अतिथियों के लिए स्वागत गीत पेश किया। प्राचार्य लोकेंद्र नाथ पांडेय ने मौजूद छात्र छात्राओं को विवेकानंद जी का जीवन परिचय देते हुए कहा कि राह में भटकते आज के युवाओं को उनसे सच्चरित्र जीवन, राष्ट्रप्रेम व एक दूसरे के दुखो में सहगामी होने की प्रेरणा अवश्य लेनी चाहिए। तथा स्वामी जी के सपनो के भारत के निर्माण के लिए सभी को मिल जुलकर कार्य करते हुये एक सशक्त भारत का निर्माण करना चाहिए।

डा. रोहित गुप्ता ने कहा कि किसी भी देश मे सबसे ज्यादा अहम युवा होते है। समाज के निर्माण उसके परिवर्तन औ? विकास में इनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। स्वामी जी ने शिकागो धर्म सम्मेलन के बड़े मंच में भारत की संस्कृति विरासत की अस्मिता की रक्षा हेतु सभी भारतीयों का नेतृत्व किया था। इस मौके पर छात्र छात्राओ एवं प्रवक्ताओं ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रवक्ता मनोज द्विवेदी, सत्येन्द्र सक्सेना, कुलदीप द्विवेदी, शैलेन्द्र कुमार, दीक्षा, गिरजानन्दन पाठक, छोटू शुक्ला सहित सभी प्रवक्ता मौजूद रहे।

## शासन की योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन का किया गया वितरण

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर। विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत आज दिनांक 12/01/2024 को राहुल पांडे जिलाधिकारी हमीरपुर की अध्यक्षता में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इसअवसर पर डिग्री कॉलेज में अध्ययन छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया । तत्पश्चात बच्चों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि युवाओं को तैयार कर 2047 में विकसित भारत की संकल्पना पूर्ण करें। जनपद में कुल 15800 स्मार्टफोन आवंटित हुए इसके सापेक्ष 4114 स्मार्टफोनों का वितरण अब तक किया जा चुका है इसी क्रम को बढ़ाते हुए आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 20 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन देकर उत्तर प्रदेश की लाभकारी योजना से लाभान्वित किया गया।

# बीडब्लयूटीयू के संरक्षक के रूप में डॉ. संदीप का सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

झाँसी। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स वर्कर्स ट्रेड यूनियन जो बीएचईएल के कर्मचारियों का अग्रणी संगठन है की बैठक में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी को सर्वसम्मति से संरक्षक पद पर नामित किया गया। बीडब्ल्यूटीयू विगत कई वर्षों से बीएचईएल में कार्यरत कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत है। संगठन के अध्यक्ष उमेश प्रजापति ने कहा डॉ० संदीप समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रूप से कार्य कर रहे हैं उनकी कार्यशैली ने जनपद और आसपास के लोगों को काफी प्रभावित किया है और वास्तव में असली समाज सेवा वही है जो पिछड़ों, शोषितों और असहायों का साथ देकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करें। वहीं महामंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक संगठन में समय-समय पर बदलाव की आवश्यकता होती है संगठन में डॉ० संदीप के जोड़ने से यूनियन की कार्य समिति में उत्साह बढ़ेगा वह एक संभ्रांत व्यक्ति हैं। झाँसी एक पिछड़ा क्षेत्र है उनके आगमन से संगठन एवं बुंदेलखंड की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ० संदीप ने कहा बीएचईएल के इस संगठन से जुड़ना मेरे लिए हर्ष का विषय है भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स वर्कर्स ट्रेड यूनियन कर्मचारियों के हित के लिए सराहनीय कार्य कर रही है इस संगठन से जुड़कर मेरा प्रयास रहेगा कि संगठन की कार्यशैली को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकूं। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी एवं समस्त कार्यसमिति के सदस्यों सहित संघर्ष सेवा समिति से बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, आशीष विश्वकर्मा, मिथुन कुशवाहा एवं भरत कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मौदहा बैठक में अनुपस्थित रहने पर अग्रिम आदेशों तक रोका वेतन**

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर।बैठक में जिलाधिकारी पात्र जोडों के चयन हेतु दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों से कहा कि पात्र जोड़ों के चयन हेतु जो लक्ष्य दिया गया है उसको समयबद्ध पूर्ण कर लिया जाए ताकि आगामी निर्धारित दिवसों में एक बड़ा एवं भव्य सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित कर लक्ष्य को पूरा किया जा सके।उन्होंने वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार कर पात्र जोड़ों का चयन करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि गरीब लोगों की कन्याओं की शादी हेतु यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमे किसी तरह की शिथिलताध्लापरवाही न बरती जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनॉक 14 से 21 जनवरी 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाएगा,उन्होने जिला पंचायत रात अधिकारी व अधिशाषी अधिकारियों को गॉव तथा शहरों में रोस्टर बनाकर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। तथा सभी सरकारी कार्यालयों,भवनों, स्कूलों आदि की साफ सफाई कराने तथा 22 से 26 जनवरी 2024 तक सभी कार्यालयों व भवनो को प्रकाशित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीडीओ,जिला विकास अधिकारी, पीडी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, बीडीओ, ईओ नगर पालिकाध नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उत्सव ट्रस्ट द्वारा जिला कारागार में किया गया रक्तदान

सोनभद्र। उत्सव ट्रस्ट एवं जिला कारागार सोनभद्र के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ?राष्ट्रीय युवा दिवस? के शुभ अवसर पर जिला कारागार सोनभद्र के परिसर में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर ?रक्तदान उत्सव - रक्तदान युवा शक्ति के नाम? का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण करते हुए उनके जीवन, शिक्षाओं तथा भारत के युवाओं हेतु उनके संदेश एवं रक्तदान से होने वाले लाभ आदि विषय पर वरिष्ठ समाजसेवी गीता श्रीवास्तव (माता जेल अधीक्षक), जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, जेलर जगदंबा प्रसाद दुबे, उत्सव ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी अरविंद सिंह, रक्तदान विभाग के निदेशक डॉ अजय कुमार शर्मा, सह निदेशक श्याम दुलारे साहनी, योगी संकट मोचन द्वारा प्रकाश डाला गया।

# विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज उत्पीड़न मारपीट करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर के न्यू गुड़ौरा चौराहा, मानसरोवर योजना निवासी आकृति यादव ने अपने पति अंकित यादव, ससुर राकेश यादव, सास सोनी, चचिया ससुर सुनील, चचिया सास लता और तीन चार अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और दहेज उत्पीड़न की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता आकृति के मुताबिक बीती 6 जनवरी 2021 को उसकी शादी पारा के सलेमपुर पतौरा निवासी अंकित यादव के साथ हुई थी। शादी में उसके मां-बाप ने अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया था। आकृति का कहना है कि शादी के बाद से ही उसका पति अंकित यादव, सास सोनी यादव, ससुर राकेश कुमार यादव, चचिया ससुर सुनील यादव व चचिया सास लता यादव उसे कम दहेज लाने का ताना देते हुए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने उससे 5 लाख रुपये दहेज के रूप में नगद लाने की मांग की। मना करने पर उससे गाली गलौज और मारपीट की गई। दिसंबर 2021 में भी आरोपियों ने दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट की और गालियां देते हुए घर से भगा दिया। आरोप है कि उस दौरान आरोपियों ने कहा कि जब 5 लाख रुपये नगद लेकर आओगी तभी यहां रखा जाएगा, नहीं तो तुम्हें जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने 29 जून 2023 को भी तीन चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उससे गाली गलौज की ओर मारा पीटा। फिलहाल पीड़िता आकृति यादव की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## गाजीपुर का बेटा नाम किया रौशन आदित्य सिंह क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के टीम में हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के बाराचवर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले गांव पहाड़ीपुर के निवासी बलवंत सिंह के पुत्र आदित्य सिंह का चयन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल में हुआ है जिससे परिवार सहित पूरे जिले में एक हर्ष एवं गौरव का माहौल है युवाओं के लिए यह एक अत्यंत ही मनोबल देने वाला कार्य हुआ है जिसकी प्रेरणा से आजकल के युवा बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अच्छी रुचि लेंगे और अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करते हुए अपने माता-पिता को गौरवान्वित करेंगे क्षेत्र के युवा वर्ग को इस समय जो भी है उन्होंने ने गांव में रहने वाले सभी युवा वर्ग में खुशी से झूम उठे और अपने जीवन में कुछ करने का संकल्प लिया हम लोग अपने गांव और जिला का नाम रोशन करेंगे।कई सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने इस बच्चे को शुभकामना के साथ-साथ प्रोत्साहन दिया है कि यह आगे चलकर के हम लोगों के क्षेत्र का नाम रोशन करें। सामाजिक कार्यों में अपनी पूर्ण भागीदारी रखने वाले आदिशक्ति सेवा संस्थान के अध्यक्ष रजनीश सिंह का यह भतीजा है, उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए तथा क्षेत्र वासियों के लिए अत्यंत ही गौरव का कार्य हुआ है आप लोगों का ऐसे ही प्यार और आशीर्वाद मिलता रहे जिसके लिए हम आप सभी को आभार व्यक्त करते हैं।

# नेशनल यूथ डे के अवसर पर योद्धा यूनिट फॉर स्वच्छ अयोध्या अभियान चलाया गया

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झांसी। नेशनल यूथ डे के अवसर पर कसवा गरौठा में 'योद्धा यूनिट फॉर स्वच्छ अयोध्या अभियान' चलाया गया जिसके अंतर्गत नगर पंचायत गरौठा द्वारा आयोजित मानव श्रृंखला एवं रूट मार्च में कसवा के अखंडानंद जनता इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज, जय हिंद मिशन इंटर कॉलेज, एस डी मेमोरियल विद्यालय के बालक बालिकाओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम मिलन त्रिपाठी, बबली गुप्ता, रतिराम भोडेले, केदार गुप्ता, अरविंद पाठक सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। साथ ही नगर पंचायत से समस्त पार्षदगण व नगर पंचायत के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा द्वारा सभी को मिष्ठान वितरण कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण शर्मा सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक ने किया।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर किया गया वार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांक 11.01.2024 की रात्रि अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर वार किया गया।वार के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना निस्तारण के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाना के माल का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन एवं प्रचलित अभियानों के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## चटगाँव विद्रोह के नायक मास्टर दा सूर्यसेन की मनाई गई पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर,हमीरपुर।आजादी के संघर्ष की महत्ता को देखते हुये वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जरा याद करो कुबार्नी के तहत चटगाँव विद्रोह के नायक मास्टर दा सूर्यसेन की पुण्यतिथि 12 जनवरी पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने सुमनान्जलि अर्पित करते हुये करते हुए कहा कि सूर्यसेन सही मायने मे मा भारती के एक संघर्षी सपूत थे,देश के प्रति जिनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, इनका जन्म 22 मार्च 1894 मे नोआपाडा, बंगाल मे मा शिला बाला देवी तथा पिता निरजन सेन के घर हुआ था,गाव तथा बहरामपुर मे शिक्षा प्राप्त कर शिक्षक हो गये,सेन को असहयोग आंदोलन के कारण दो साल की जेल हुई, ये जानते थे कि बिना हथियारों के गोरों से नहीं लडा जा सकता है, इन्होंने क्रातिकारियों का एक समूह बना कर 1930 मे बंगाल के चटगाँव शस्त्रागार मे चढाई कु दी,पुलिस से मुठभेड़ हुई, जिसमें अनेक पुलिस वाले तथा 12 क्रातिकारी मारे गये, सेन16 फरवरी 1933 को गिरफ्तार कर लिये गये, गोरों ने न्याय का नाटक कर इन्हें 12 जनवरी 1934 को फासी पर लटका दिया गया,39 वर्षो का इनका मा भारती के लिए समर्पित रहा।कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, दिलीप अवस्थी, रमेशचन्द्र गुप्ता, सिद्धा प्रजापति, प्रेम प्रजापति, सागर प्रजापति, महावीर ,संतोष प्रजापति, दस्सी व अभिषेक आदि शामिल रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक –
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चों, मकर संक्रांति के अवसर पर अपने भारत देश के विभिन्न हिस्सों में रंग-बिरंगी, विभिन्न आकार और प्रकार की पतंगें उड़ाने की परंपरा है। अपने देश की तरह दुनिया के कई देशों में भी पतंगबाजी के उत्सव मनाए जाते हैं। जानो, कुछ अनोखे काइट फेस्टिवल्स के बारे में।

# अजब-गजब काइट फेस्टिवल्स

### केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल साउथ अफ्रीका

**साउथ अफ्रीका** देश की राजधानी केपटाउन के मैकबोस्टरेंड बीच पर हर साल 20,000 से ज्यादा लोग की भीड़ पतंग उड़ाने के लिए इकट्ठा होती है। काइट फेस्टिवल में तरह-तरह की डिजाइन और आकार की पतंगों को आसमान में उड़ते देखना अनोखा अनुभव होता है। बच्चों, केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल अफ्रीका महाद्वीप का सबसे बड़ा पतंगोत्सव है। केप टाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल हर साल अक्टूबर महीने में आयोजित होता है। *



### अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इटली

**यूरोप महाद्वीप** के देश इटली में समुद्र तटीय रिजॉर्ट शहर सर्विया के पिनारेला बीच पर हर साल अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। यह काइट फेस्टिवल, दुनिया के सबसे अनूठे काइट फेस्टिवल्स में से एक है। यहां दुनिया भर की कलात्मक पतंगों को एक साथ देख सकते हैं। पिनारेला बीच पर समुद्र के किनारे तरह-तरह के कार्टून कैरेक्टर्स, जानवरों, पक्षियों और अन्य आकारों की पतंगें उड़ता देखना काफी मजेदार लगता है। सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल 20 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 1 मई 2024 को समाप्त होगा। *

### पोर्ट्समाउथ इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इंग्लैंड

**इंग्लैंड के** तटीय शहर पोर्ट्समाउथ में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पट जाता है। यहां पतंग उड़ाने के साथ-साथ पतंग बनाने की कला भी सिखाई जाती है। तुम यहां उड़ने वालीं पतंगों के विभिन्न प्रकार, आकार और डिजाइन देखकर चौंक जाओगे। यहां 3डी पतंगें, म्यूजिक बजाने वाली पतंगें, ट्रिक दिखाने वाली पतंगें और इंजीनियरिंग के बेहतरीन नमूने वाली पतंगें, यहां आने वाले पर्यटकों का दिल जीत लेती हैं। इंग्लैंड का यह अनोखा पतंग उत्सव हर साल अगस्त महीने में मनाया जाता है। *

### वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल चीन

**पड़ोसी देश** चीन के वेईफांग नामक जगह को 'दुनिया की पतंग राजधानी' कहा जाता है। चीन के शेडोंग प्रांत के वेईफांग में हर साल वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। फेस्टिवल में ड्रैगन के विशाल आकार सहित अन्य कई जानवरों के डिजाइनों वालीं पतंगें उड़ाई जाती हैं, लेकिन यहां ड्रैगन डिजाइन की पतंगें ही सबसे ज्यादा उड़ाई जाती हैं। वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इस साल 20 अप्रैल से आरंभ होगा। *

### जायंट काइट फेस्टिवल ग्वाटेमाला

**उत्तरी अमेरिका** महाद्वीप के ग्वाटेमाला देश में सुंपांगो और सैंटियागो साकाटेपीक्वीज नामक जगहों में प्राचीन काल से पतंग उड़ाने की परंपरा रही है। यहां ऑल सेंट्स डे (प्रतिवर्ष 1 नवंबर) के दिन जायंट काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस दौरान विशालकाय गोलाकार पतंगें उड़ाई जाती हैं। स्थानीय निवासी इन गोलाकार पतंगों को बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए उड़ाते हैं। जिस दिन यहां पतंगें उड़ाई जाती हैं, उसे डाया डी लोस म्यूरटोस कहते हैं। *

छोटी कहानी / संदीप पांडे शिष्य

## त्योहार की खुशी

नववर्ष आकर चला गया। अब तो मकर संक्रांति आने वाली है।' राघव अपनी दोस्त सिया से बोला।

'नववर्ष का दिन तो रात में नाच-गाकर उत्सव मनाने का दिन है। लेकिन मकर संक्रांति तो दिन भर त्योहार का आनंद देता है। दादी जी कह रही थीं कि हमारे सारे त्योहार मौसम चक्र के अनुसार बने हैं। उसमें बनने वाले मिष्ठान और खाद्य-पदार्थ भी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।' सिया खुश होकर राघव से बोली।

'सिया, मुझे तो दिनभर पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है। आसमान में रंग-बिरंगी सैकड़ों पतंगों के बीच अपनी पतंग की कलाबाजियां दिखाने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। साथ ही तिल के लड्डू, गजक और दाल की पकौड़ी खाते जाओ और पतंग उड़ाते जाओ। पिछले साल मैंने अपनी एक पतंग से आसमान



में उड़ती पूरी सात पतंगें काटी थीं। इस बार देखना कम से कम दस पतंगें काटूंगा।' राघव चहक कर बोला।

'अच्छी बात है, लेकिन तुम्हें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि चाइनीज मांझे से परिंदों को कष्ट ना हो। पक्षी मांझे में उलझकर घायल हो जाते हैं। दुपहिया वाहन सवारों को भी तकलीफ उठानी पड़ती है। पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग बिल्कुल बंद कर देना चाहिए, इससे किसी के भी जीवन को खतरा हो सकता है।' सिया ने किसी बुजुर्ग की तरह आदेश दिया। राघव कुछ देर चुप्पी के बाद बोला, 'बात तो तुम्हारी एकदम सही है। मैं इस बार ध्यान रखूंगा। पिछली बार भी मम्मी ने मुझे इसके लिए चेताया था, लेकिन मैंने उनकी बात नहीं मानी। तुम इस बार पतंग उड़ाने मेरे घर आ जाना। हम मिलकर मस्ती करेंगे।'

'नहीं मैं नहीं आ पाऊंगी। मैं दादी जी के संग, सुबह सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तब छत पर जाकर सूर्य नमस्कार करूंगी। साथ ही सूर्य देव का आभार प्रकट करूंगी कि वह हमें रोशनी और ताप देते हैं, ताकि हम ठिठुरन भरी सर्दी का मुकाबला कर सकें। उसके बाद पापा-मम्मी के साथ जरूरतमंदों को शॉल, टोपी और कंबल बांटने जाऊंगी। पतंग को तो आसमान में उड़ता देखकर आनंद आ जाएगा। पतंग उड़ाना तो मुझे आता भी नहीं।' सिया ने शालीनता से राघव को इंकार किया तो वह कुछ उदास हो गया। उसने सिया से सवाल किया, 'अच्छा तो क्या मैं तुम्हारे साथ चल सकता हूं?'

'हां...हां... क्यों नहीं? तुम सुबह आठ बजे ही नहा कर और तैयार होकर मेरे घर आ जाना। हम पूजा भी साथ करेंगे और फिर दान का सौभाग्य भी साथ प्राप्त करेंगे।' सिया की सहमति में बेहद प्रसन्नता झलक रही थी। राघव ने सिया से विदा लिया। इस बार मकर संक्रांति को नए ढंग से मनाने का उसका उत्साह बहुत अलग था। घर की ओर बढ़ते उसके कदम थिरक से रहे थे। *

## जीके क्विज-87

1. हाल में इसरो के सोलर मिशन ने अंतरिक्ष में किस बिंदु पर सफलतापूर्व स्थापित होकर इतिहास रचा?
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां है?
3. माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दो बार चढ़ने वाली भारतीय महिला कौन हैं?
4. आंवले में प्रचुर मात्रा में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
5. हाल में शेख हसीना किस पड़ोसी देश की पांचवीं बार पीएम बनीं?
6. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ था?
7. किस महापुरुष की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाते हैं?
8. ऑडियोमीटर से क्या मापा जाता है?
9. गिद्धा किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
10. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?

**बच्चों, जीके क्विज-87 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-86 का उत्तर:** 1- क्षिप्रा नदी, 2-लता मंगेशकर चौक(अयोध्या), 3-गोवा, 4-अरविंद पनगढ़िया, 5-7 दिसंबर, 6-झारखंड, 7-अरावली पर्वत श्रृंखला, 8-अशोक स्तंभ, 9-आठ राज्यों से, 10-20 ओवर

**जीके क्विज-86 का सही उत्तर देने वाले :** रेहान-भिलाई, शुभम-महासमुंद, लक्ष्मी-बागबाहर, रौनक-जांजगीर, अजय-रायपुर, विकास-भोपाल, सोनम-जगदलपुर, हिमेश-हिसार, अभिषेक-कटनी, प्रीती-दुर्ग, अनाया-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

**पप्पू**-मम्मी, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरे कान में कोई गुनगुना रहा है।
**मम्मी**- ऐसा कब होता है बेटा?
**पप्पू**- जब मैं मच्छर दानी लगाकर बेड के किनारे सोता हूं।

**-सुंदर, रोहतक**

**सोनी**-मोनी, तुम आज पार्क में हैट लगाकर क्यों खेलने आई हो?
**मोनी**-ताकि किसी को पता न चल सके कि मेरे माइंड में क्या चल रहा है।

**-पिंकी, जबलपुर**

गोलू और गप्पा जंगल में घूम रहे थे कि अचानक उनके सामने कोई जंगली जानवर आ गया। गोलू ने उस जानवर की आंख में मिट्टी झोंक दी।
**गोलू**- गप्पा भाग!
**गप्पा**- मैं क्यों भागूं, मिट्टी तो तुमने डाली है।

**-पूजा, रायपुर**

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

## हैप्पी मकर संक्रांति

गोलू पतंग लूटकर उन्हें छत पर बने स्टोर रूम में रखता था। उसकी छत से लगे घर में रहने वाला अनुज, स्टोर से पतंगें चुरा लेता। गोलू को जब पता चला तो उसे बहुत गुस्सा आया। मकर संक्रांति के दिन उसने अनुज के साथ जो किया, वह बहुत ही अचरज करने वाली बात थी।

इन दिनों गोलू स्कूल से आते ही छत पर चला जाता था। सूरज डूबने के बाद ही नीचे आता। गोलू को पतंग उड़ाने से ज्यादा पतंग लूटने का शौक है। उसने छत पर अलग-अलग लंबाई के डंडे रख रखे हैं, जिनका इस्तेमाल करके वह पतंग लूट लेता है। उसे लगता है, जो मजा लूटी हुई पतंग उड़ाने में है, वह खरीदकर उड़ाने में नहीं है। गोलू छत पर ही बने स्टोर रूम में एक के बाद एक पतंगें इकट्ठी करता जा रहा था, लेकिन वह पतंगों की गिनती नहीं करता था।

मकर संक्रांति का त्योहार आ गया था। गोलू बहुत खुश था कि वह अब मजे से पतंग उड़ाएगा। अगले दिन मकर संक्रांति थी। मम्मी हर बार की तरह इस बार भी रात को गाजर का हलवा बना रही थीं। जब गाजर का हलवा तैयार हो गया तो उन्होंने एक बड़ा कटोरा गोलू के हाथों में थमाते हुए कहा, 'बेटा, यह पड़ोस वाली आंटी को दे आओ। आंटी की तबीयत ठीक नहीं है। उनके बेटे को गाजर का हलवा बहुत पसंद है।'

गोलू ने पड़ोस वाले घर में जाकर डोर बेल बजाई, लेकिन कोई गेट खोलने नहीं आया। वह वापस लौटने ही वाला था कि उसने फुसफुसाहट सुनी। यह आवाज आंटी के बेटे अनुज की थी, जो फोन पर किसी से कह रहा था, 'अरे, पतंग की कोई टेंशन नहीं है। हमारे पड़ोस में एक बुद्धू बच्चा रहता है। वह पतंग लूटकर ऊपर वाले स्टोर रूम में रख देता है, स्टोर में ताला भी नहीं लगाता। हमारे घर की छतें जुड़ी हुई हैं। मैं रोज दो-तीन पतंगें चुपके से निकाल कर ले आता हूं। मेरे पास करीब पचीस-तीस पतंगें इकट्ठी हो गई हैं।'

यह सुनकर गोलू को बहुत गुस्सा आया, लेकिन वह चुप रहा। उसने फिर से डोर बेल बजाई तो अनुज की मम्मी ने दरवाजा खोला। गोलू ने बनावटी मुस्कान के साथ हलवा उनके हाथों में थमा दिया और पूछा, 'आपकी तबीयत कैसी है आंटी?' 'तबीयत पहले से बेहतर है बेटा।' आंटी बोलीं। उन्होंने गोलू को दो मिनट रुकने को कहा। गोलू का रुकने का मन तो नहीं था, फिर भी रुक गया। गोलू ने देखा आंटी भीतर गईं और ढेर सारी पतंगों का बंडल हाथ में लेकर आईं। पतंगों का बंडल गोलू को थमाते हुए बोलीं, 'अनुज तुम्हारी छत से रोज पतंगें लेकर आता है। मैं इसे डांटती हूं, लेकिन इस पर कोई असर नहीं होता। सुबह उसे एक भी पतंग नहीं मिलेगी,



ना ही मैं उसे खरीदने दूंगी, तभी उसे एहसास होगा कि चोरी करने का क्या नतीजा होता है?'

गोलू को समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे। वह मुस्कुराते हुए बोला, 'आंटी जी, अनुज मेरे भाई की तरह है। ये पतंगें आप उसे ही उड़ाने दीजिए।'

गोलू की बात सुनकर आंटी ने उसको ढेर सारा आशीर्वाद दिया। गोलू वापस घर लौटते हुए सोच रहा था कि पता नहीं उसने यह सही किया या गलत किया? उसने घर जाकर मम्मी को जब सारी बात मम्मी को बताई तो वह बोलीं, 'बेटा, तुमने बिल्कुल सही किया।'

अब क्योंकि गोलू खुद ही पतंगें अनुज को दे आया था तो उसे इस बात का कोई दुख नहीं था।

गोलू जब सुबह छत पर गया और स्टोर रूम खोला तो उसे पतंगों का एक बंडल अलग ही पड़ा दिखा। वह जैसे ही पीछे मुड़ा तो देखा, छत की दीवार के उस पार अनुज खड़ा मुस्कुरा रहा था, वह बोला, 'भैया, सॉरी...!'

यह सुनकर गोलू मुस्कुरा उठा, बोला, 'कोई बात नहीं, मिलकर पतंग उड़ाते हैं। हैप्पी मकर संक्रांति अनुज।' *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय

## पतंग

छोटे-बड़े सब जन उड़ाते
संक्रांति पर खूब पतंग।
दूर गगन में सैर को जाती
संग हवा के चले पतंग।
अनुशासन का पाठ पढ़ाती
संग डोर के बंधी पतंग।
मोनू टोनू छत पर जाते
लेकर गिड़गिड़ी और पतंग।
जब फंद जाती पैचों में
संघर्ष करती खूब पतंग।
उत्साह भरा शोर हो जाता
जब कट जाती कोई पतंग।
जिसका होता मांझा अच्छा
सदा जीतती वही पतंग।
रंग-बिरंगी रूपों वाली
उड़ती चारों ओर पतंग।
जब कट जाती रुक न पाती
कह जाती अलविदा पतंग।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के दिन मैदान पर पतंग उड़ाते बच्चों से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।

उत्तर: 1-आसमान में बादल की संख्या में अंतर है। 2-सबसे बाईं तरफ वाली बच्ची की पतंग का रंग अलग है। 3-दाईं बच्ची का हेयर स्टाइल भी अलग दिख रहा है। 4-चित्र में आसमान में पक्षी नहीं दिख रहे हैं। 5-सबसे दाईं तरफ वाली बच्ची की ड्रेस पर एक कार्टून का डिजाइन बना है। 6-बच्चे के पैरों के पास पतंग की जगह चरखियां रखी हैं।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में बहुत सारी रंग-बिरंगी पतंगें आसमान में उड़ती दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पतंगों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर : 21

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाते हुए एक बच्चे के चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन 6 परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो इस बच्चे के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।

उत्तर : D